It is all right if Pakistan does something to us. We can stand up to it. I do not want that we should go to war with Pakistan because the ISI has been involved in it. It is quite possible. Peshawar has been mentioned. But we know the power structure in Pakistan. Te ISI is a power centre by itself. The President is a power centre by himself. The Prime Minister is a power centre by himself. The ISI in Pakistan is growing into a monster, a kind of Frankenstein against its own Government. It is irresponsible to talk of going to war. We have to do that if necessary, if we are attacked. But, then, we have to calculate the cost. Where are we placed geographically and economically? We cannot antagonise the entire Muslim world. We have to work together.

As I said in the last intervention, we have to develop a special force, an anti-terrorism force, in this country. It has to be a kind of force that will have close linkage with the anti-terrorist organisations in various

[Shri G. G. Swell]

parts of the world, including the Muslim world. Algeria today is facing a grave problem of terrorism, Egypt is facing a grave problem of terrorism and all that. We should establish and deepen our links with Israel, because if there is one country in the world with more-expertise to fight against anti-terrorism and cosmopolitan or global terrorism, it is Israel. We would like to know what you are doing in all these matters in order not only to safeguard this nation but actually to rehabilitate this nation to rid itself of this kind of sham that we as Indians, the second *most populous country in the world* find ourselves ss a helples giant at the mercy of few terrorists.

**सैयद सिब्ते रजी** (उत्तर प्रदेश) : वाईस चेयरमैन साहब, अभी कौम और राष्ट्र बम्बई के धमाकों से पूरी तरह से रिकवर भी नहीं कर पाया था कि कलकत्ता के इस हादसे ने पूरे मुल्क में एक अजीब तरह की कैफियत पैदा कर दी। मुझे खुशी है कि हमारे स्टेट होम मिनिस्टर साहब वहां पहुंचे लोगों की हिम्मत बंधाने के सिलसिले में और उस मुआयने से सरकार किस तरह से आगे बढ़ेगी और प्रदेशीय सरकार से जो स्टेट गवर्नमेंट है उससे किस तरह से कोआर्डिनेशन करके कलप्रिट्स को और जो इस हादसे के जिम्मेदार हैं उन्हें किस तरह से बुक किया जाएगा।

माननीय मंत्री जी ने अपने इस स्टेटमेंट में चीफ मिनिस्टर साहब से बातचीत का तसकिरा किया है। मैं जानना चाहूंगा कि चीफ मिनिस्टर साहब से, वेस्ट बंगाल के मुख्य मंत्री से उनकी क्या बात हुई और वैस्ट बंगाल के मुख्य मंत्री का क्या नजरिया है इस हादसे के पीछे क्योंकि माननीय मंत्री जी ने अपने स्टेटमेंट में दोनों तरह की बातें कहीं हैं। एक तरफ तो उन्होंने कहा है कि हम इस नतीजे पर अभी नहीं पहुंच सकते कि यह लोकल, किसी खास वजह से एक्सीडेंट हो गया, कुछ ऐसे उसको वजूहात थे या इसका कोई लिंकेज है व हादसात से जो बम्बई के अंदर हुए थे। क्योंकि मुख्य मंत्री वहां की प्रदेशीय स्थिति से, वहां की जो स्थानीय परिस्थितियां हैं उनसे पूरी तरह से वाकिफ हैं तो उनका जो नजरिया है यकीनी तौर पर उसको भी सामने रखना चाहिए और हम जानना चाहेंगे कि उनका नजरिया क्या है।

नम्बर दो, जिस तरह के एक्सप्लोजन्स कलकत्ता में हुए हैं, जोरदार, जबर्दस्त, बिल्कुल उसी तरह के एक्सप्लोजेन्स बम्बई में हुए हैं। यह जरूर है कि यह एक्सप्लोजन, यह धमाका सिर्फ अकेला धमाका है कलकत्ता के अंदर जबकि बम्बई में एक साथ एक दिन के अंदर 13 धमाके हो गये। एक्सप्लोसिव्स के बारे में यह है कि अभी यह तय नहीं हो पाया है कि वे ही एक्सप्लोसिव्स इस्तेमाल किये गये हैं जो बम्बई के अंदर किये गये। यह कलकत्ता में डेब्रिस के जो नमूने होंगे उनके आधार पर बाद में तय होगा। लेकिन जो मैं अर्ज करना चाहता हूं वह यह है कि सरकार को ज्यादा वक्त इन चीजों के ऊपर नहीं गंवाना चाहिए कि इस एक्सप्लोसिव का नमूना निकाला जाए, उसका तजजिया हो और तजजिया होने के बाद किसी नतीजे पर निकले। हो सकता है कि एक्सप्लोसिव्स किसी दूसरी तरह से इस्तेमाल किये गये हों और हर जगह स्ट्रेटेजी बदल सकते हैं। यहां एक धमाका, वहां 13 धमाके, वहां प्लास्टिक एक्सप्लोसिव्स यहां हो सकता है किसी और तरह के एक्सप्लोसिव्स हों। इन चीजों के ऊपर ज्यादा न जाकर मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी प्रदेशीय सरकार के कोआर्डिनेशन से किस तरह से इसमें जल्दी शुरूआत करने जा रहे हैं जिससे कि जो सबूत हैं वह जाया न होने पाये और जैसे कि कुछ लोग बम्बई से मिडिल ईस्ट कंट्रीज के अंदर भाग गये तो यहां ऐसा संभव न होने पाये।

दूसरा, आपने बम्बई में इंटरपोल की खिदमात ली है और यूनाइटेड स्टेट्स के कुछ एक्सपर्ट्स जैसा कि

अखबारात से पता चलता है कि यहां आए हुए हैं। कनाडा ने भी कहा है कि हम आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए भारत सरकार की मदद करने के लिए तैयार हैं। ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर, बर्तानिया के प्राइम मिनिस्टर ने, वजीरे आजम ने भी इस बात को कहा है कि वे, जो हिंदुस्तान में आतंकवाद हुआ है, उसके सिलसिले में मदद करने के लिए तैयार हैं। मैं कहना चाहूंगा माननीय मंत्री जी से कि कलकत्ता के हादसे को सिर्फ आइसोलेटिड हादसा न समझा जाए। उस दिन जब मैंने तकरीर में अपनी बात रखी थी क्लैरिफिकेशन के सिलसिले में, उस वक्त भी मैंने कहा था कि यह सिर्फ बम्बई का मामला नहीं है, यह पूरे देश का मामला है और पूरे देश को संभालने का मामला है।

तो इस सिलसिले में मैं कहना चाहूंगा कि वह एजेन्सीज़ जो बम्बई के अंदर इनवैस्टिगेशन कर रही है, उन्हीं एजेन्सीज़ का इस्तेमाल कलकत्ता के हादसे में क्यों नहीं किया जा रहा है, ताकि इन दोनों में लिंक बनाने में और नतायज के ऊपर पहुंचने में जल्दी आसानी हो सके और मैं समझता हूं कि उससे ज्यादा फायदा होगा।

तो अंतर्राष्ट्रीय स्टेज के उपर जो मदद की बातें कही गई हैं, उसमें किस स्तर पर हमारी सरकार मदद लेने जा रही है। एक छोटी सी बात मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि उन्होंने लिखा है कि हमने तमाम—

"I also held detailed consultations with the Chief Minister.."

और दूसरे प्रदेश के भी मंत्रीयों से बात की, प्रदेश के जिम्मेदार लोगों से बात की है और हर जगह कंट्रोल रुम्स स्थापित कर दिए गये हैं। मैं माननीय मंत्री जी से बड़ी नम्रता से जानना चाहूंगा कि क्या केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी कोई कंट्रोल रूम इस सिलसिले में बनाया गया है कि नहीं क्योंकि कल की जो परिस्थिति थी, उससे तो नजर आता है कि हमारे पास शायद कोई कम्युनिकेशन उन जगहों से रह ही नहीं गया था, जहां ऐसे हादसात हुए हैं। तो मैं चाहूंगा कि यहां भी एक ऐसा कंट्रोल रूम, हाटलाईन बननी चाहिए सारी स्टेट्स से हाटलाईन के ऊपर संबंध किसी भी वक्त बनाया जा सके, क्योंकि जो युनाइटिड स्टेट्स आफ अमरीका की ओर से जो वार्निंग आई है, उससे पता चलता है कि इस वक्त देश के किसी भी कोने में कुछ हो सकता है। इसमें भावना होने की बात नहीं है। यह निश्चित तौर पर मैं समझता हूं, हमारे देश के पूरे अवाम ने इस बात का सबूत दिया है कि वह इन चीजों से पैनिकी नहीं है जैसे अभी यशवन्त सिन्हा जी ने कहा कि यह आर्थिक मामलों को नाकामयाबी का जो खतरा है, तो उसको छिपाने का—मैं समझता हूं कि यही मतलब था, सिर्फ यही एक जरिया नहीं है, कुछ और भी हो सकता है।

**श्री यशवन्त सिन्हा**: मैंने यह कहा कि इसे यह इंप्रेशन न क्रियेट करने दें।

**सैयद** सिब्ते रज़ी: मुझे खुशी है कि इस हादसे के बावजूद अभी तक हिंदुस्तान के लोगों और हिंदुस्तान की सरकार, हिंदुस्तान की जो आर्थिक परिस्थिति है, उसमें दुनिया के देशों का विश्वास नहीं घटा है क्योंकि मैं उद्धृत करना चाहूंगा कि अभी-अभी ओमान से, जो हमारा एक दोस्त मुल्क है, उससे हमारे पैट्रोलियम मंत्रालय का एक मुआहदा हुआ है, जिससे.... (**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)**: आप अपनी बात को विषय तक ही महदूद रखें, तो अच्छा रहेगा।

सैयद **सिब्ते रज़ी**: 12,500 करोड़ रुपये का मुआहदा हुआ है। तो उससे पता चलता है कि यह चीजें, जो हिंदुस्तान की हमारी इकानमी है, यह बातें उसको डिस्टर्ब करने के लिए की जा रही हैं। लेकिन यह मुमकिन हो नहीं पायेगा और मैं सिर्फ इतना जानना चाहता हूं

[सैयद सिब्ते रजी]

कि उस इलाके में जो रहने वाले लोग हैं, वे निचले स्तर के, वह मध्यम श्रेणी के, मिडल-क्लास से नीचे के लोग हैं। तो क्या कोई फाइनेंशल हैल्प प्रदेशीय सरकार ने उनके लिए घोषित की है? यदि आपकी मुख्य मंत्री जी से इस बारे में बातचीत हुई हो, तो आप हमें बताने का कष्ट करें और केंद्रीय सरकार की तरफ से हम इस सिलसिले में क्या मदद करने जा रहे हैं?

आखिर में मैं यह जानना चाहूंगा कि यह जो टेरोरिज्म का खतरा पैदा हो गया है, उसमें जिस तरह पंजाब के अंदर कामयाबी हुई है, मैं यह जानना चाहूंगा कि यह धमाकों या इस तरह से एक्सप्लोसिब्ज का इस्तेमाल करके या आतंकवाद फैला करके शहरों में जिस तरह से लोग कोशिश कर रहे हैं, जिसके बारे में कुछ विदेशी हाथों की बात भी आई है, जनता का इन्वाल्वमेंट इन चीजों को रोकने के लिए आप किस स्तर तक करने जा रहे हैं क्योंकि इस वक्त कम्युनल हार्मनी की बहुत जरूरत है और जो लोग यहां शिद्दत-पसंद हैं, या जो वैस्टेड इंट्रेस्ट है, या जो निहित स्वार्थ के लोग हैं, जो मजहब और फिरके का नाम लेकर लोगों के इस्तहेसाल का फायदा उठा सकते हैं, तो क्या कम्युनल हार्मनी के सिलसिले में जो हादसात हो रहे हैं, कम्युनल हार्मनी बनाये जाने के लिए नेशनल इंटेग्रेशन कौंसिल की क्या आप कोई बैठक बुलाने जा रहे हैं, जिसके माध्यम से देश के लोगों को इस बात की अपील करें कि वह ताकतें जो राजनीतिक इसका फायदा उठाना चाहती हैं, जो अपने भाषणों के जरिए या अपनी और गतिविधियों के जरिए कम्युनल सिचुएशन को डिस्टर्ब करना चाहते हैं, वह ऐसा न करने पायें और तमाम मुख्य मंत्रियों को बुलाकर आप इस सिलसिले में बातचीत करें।

अंत में मैं कहूंगा कि हमारे हाऊस ने भी, जो बम्बई में हादसात हुए थे और जो अभी बंगाल में हुए हैं, उन पर अपनी सिम्पेथीज एक्सप्रेस की थी—वहां मरने वालों के सिलसिले में और विक्टिम्स के सिलसिले में, लेकिन क्या हमारा हाउस सिर्फ सिम्पेथीज एक्सप्रेस करने के लिए है, चाहे वह लोक सभा हो, चाहे राज्य सभा हो।

क्या आप मौजूदा परिस्थितियों में विभिन्न दलों के एम.पीज. की कोई ऐसी कमेटी बनायेंगे, जो वक्तन-फवक्तन मौके और हालात को देखते हुए मिलती रहे? और जो इन्वाल्वमेंट है तमाम पार्टियों के एम.पीज. का और हम जन-प्रतिनिधियों का वह आपके काम-काज में मदद करने के सिलसिले में, कम्युनल हार्मोनी पैदा करने के सिलसिले में और जो चुनौतियां आ रही हैं उनका जमकर ताकत के साथ मुकाबला करने के लिए क्या आप इस पर विचार करेंगे कि कोई ऐसी समिति हाउस की बनाएं दोनों हाउसेज की मिली-जुली संभव हो और आप चाहें तो अलग-अलग हाउस की, इस पर भी आप क्या विचार करना पसंद करेंगे।

इन अलफाज के साथ, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि आपने जो इतनी मेहनत की है, आप दौड़े हैं, लेकिन एक बात मैं और चाहूंगा कि आपने मध्य प्रदेश और गुजरात का भी इसमें तस्करा किया है कि वहां से आने के बाद आप वहां गए, क्या हमें आप कुछ बताने की कृपा करेंगे कि वहां परिस्थिति क्या है और आप वहां क्यों गए थे? क्या इसी प्रकार की कोई परिस्थिति है जो जिसके मैं अभी बम्बई में या बंगाल में हुआ है या कोई और कम्युनल हार्मोनी के सिलसिले में या कम्युनल सिच्युएशन को देखने के सिलसिले में आप गए थे? मैं चाहूंगा कृपया आप अपना जवाब दें और उस सिलसिले में भी हमें उससे आगाह करने की कोशिश करेंगे। धन्यवाद

†[شری سید سبط رضی (اتر پردیش): وائس چیرمین صاحب۔ ابھی قوم اور راشٹر بمبئی کے دھماکوں سے پوری طرح سے ری کور بھی نہیں کر پایا تھا کہ کلکتہ کے اس حادثہ نے پورے ملک میں ایک عجیب طرح کی کیفیت پیدا کر دی۔ مجھے خوشی ہے کہ ہمارے اسٹیٹ ہوم منسٹر صاحب وہاں پہنچے لوگوں کی ہمت بندھانے کے سلسلے میں اور اس معائنہ سے سرکار کس طرح سے آگے بڑھے گی اور پردیش سرکار سے جو اسٹیٹ گورنمنٹ ہے اس سے کس طرح سے کوآرڈینیشن کر کے کلپرٹس کو اور جو اس حادثہ کے ذمہ دار ہیں انھیں کس طرح سے بک کیا جائے گا۔ مانیہ منتری جی نے اپنے اس اسٹیٹمنٹ میں چیف منسٹر صاحب سے بات چیت کا تذکرہ کیا ہے۔ میں جاننا چاہوں گا کہ چیف منسٹر صاحب سے۔ ویسٹ بنگال کے مکھیہ منتری سے ان کی کیا بات ہوئی اور ویسٹ بنگال کے مکھیہ منتری کا کیا نظریہ ہے اس حادثہ کے پیچھے کیونکہ مانیہ منتری جی نے اپنے اسٹیٹمنٹ میں دونوں طرح کی باتیں کہی ہیں۔ ایک طرف تو انھوں نے کہا ہے کہ ہم اس نتیجہ پر ابھی نہیں پہنچ سکتے کہ یہ لوکل کسی خاص وجہ سے ایکسیڈنٹ ہو گیا ہے۔ کچھ ایسے اس کے وجوہات تھے یا اس کا کوئی لنکیج ہے ان حادثات سے جو بمبئی کے اندر ہوئے تھے۔ کیونکہ مکھیہ منتری وہاں کی پردیش کے استھتی سے وہاں کی جو استھانیہ پرستھتیاں ہیں ان سے پوری طرح سے واقف ہیں۔ تو ان کا جو نظریہ ہے یقینی طور پر اس کو بھی سامنے رکھنا چاہیے اور ہم جاننا چاہیں گے کہ ان کا نظریہ کیا ہے۔

نمبر ۲ جس طرح کے ایکسپلوجنس کلکتہ میں ہوئے ہیں۔ زوردار۔ زبردست بالکل اسی طرح کے ایکسپلوجنس بمبئی میں ہوئے ہیں۔ یہ ضرور ہے کہ یہ ایکسپلوجنس یہ دھماکہ صرف اکیلا دھماکہ ہے کلکتہ کے اندر۔ جبکہ بمبئی میں ایک ساتھ ایک دن کے اندر ۱۳ دھماکے ہو گئے۔ ایکسپلوسیوس کے بارے میں یہ ہے کہ ابھی یہ طے نہیں ہو پایا ہے کہ وہ ہی ایکسپلوسیوس

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

استعمال کئے گئے ہیں جو بمبئی کے اندر کئے گئے یہ کلکتہ میں ڈیبرس کے جو نمونے ہوں گے ان کے آدھار پر بعد میں طے ہوگا لیکن جو میں عرض کرنا چاہتا ہوں وہ یہ ہے کہ سرکار کو زیادہ وقت ان چیزوں کے اوپر نہیں گنوانا چاہیے کہ اس ایکسپلوسیوس کا نمونہ نکالا جائے اس کا تجزیہ ہو اور تجزیہ ہونے کے بعد کسی نتیجہ پر نکلیں ہو سکتا ہے کہ ایکسپلوسیوس کسی دوسری طرح سے استعمال کئے گئے ہوں اور ہر جگہ اسٹریٹجی بدل سکتے ہیں۔ یہاں ایک دھماکہ وہاں دھماکے۔ وہاں پلاسٹک ایکسپلوسیوس یہاں ہو سکتا ہے کسی اور طرح کے ایکسپلوسیس ہوں۔ ان چیزوں کے اوپر زیادہ نہ جا کر میں چاہوں گا کہ ماننیہ منتری جی پردیش سرکار کے کوآرڈی نیشن سے کس طرح سے اس میں جلدی شروعات کرنے جا رہے ہیں جس سے کہ جو ثبوت ہیں وہ ضائع نہ ہونے پائیں اور جیسے کہ کچھ لوگ بمبئی سے مڈل ایسٹ کنٹریز کے اندر بھاگ گئے تو یہاں ایسا سمجھوتہ ہونے پائے۔

دوسرا۔ آپ نے بمبئی میں انٹرپول کی خدمات لی ہیں اور یونائیٹڈ اسٹیٹس کے کچھ ایکسپرٹس جیسا کہ اخبارات سے پتہ چلتا ہے کہ وہ یہاں آئے ہوئے ہیں۔ کناڈا نے بھی کہا ہے کہ ہم آتنکوادی گتی ودھیوں کو روکنے کیلئے بھارت سرکار کی مدد کرنے کے لیے تیار ہیں۔ برٹش پرائم منسٹر برطانیہ کے پرائم منسٹر نے وزیر اعظم نے بھی اس بات کو کہا ہے کہ وہ جو ہندوستان میں آتنکواد ہوا ہے اس کے سلسلے میں مدد کرنے کیلئے تیار ہیں۔

میں کہنا چاہوں گا ماننیہ منتری جی سے کہ کلکتہ کے حادثہ کو صرف آئسولیٹڈ حادثہ نہ سمجھا جائے۔ اس دن جب میں نے تقریر میں اپنی بات رکھی تھی کلیری فیکیشن کے سلسلے میں اس وقت بھی میں نے کہا تھا کہ یہ صرف بمبئی کا معاملہ نہیں ہے۔ یہ پورے دیش کا معاملہ ہے اور پورے دیش کو سنبھالنے کا معاملہ ہے۔

تو اس سلسلے میں کہنا چاہوں گا کہ وہ انجنیئر جو بمبئی کے اندر انویسٹی گیشن کر رہے ہیں انہیں انجنیئرس کا استعمال کلکتہ کے حادثے میں کیوں نہیں کیا جا رہا ہے۔ تاکہ ان دونوں میں لنک بنانے میں اور نتائج کے اوپر پہنچنے میں جلدی آسانی ہو سکے اور میں سمجھتا ہوں کہ اس سے زیادہ فائدہ ہوگا۔

تو انتر راشٹریہ اسٹیج کے اوپر جو مدد کی باتیں کہی گئیں ہیں اس میں کس استر پر ہماری سرکار مدد لینے جا رہی ہے۔ ایک چھوٹی سی بات میں ماننیہ منتری جی سے جاننا چاہونگا کہ انھوں نے لکھا ہے کہ ہم نے تمام۔

'I also held detailed consultations with the Chief Minister..."

اور دوسرے پردیش کے منتریوں سے بھی ہم
نے بات کی۔ پردیش کے ذمہ دار لوگوں سے
بات کی ہے اور ہر جگہ کنٹرول روم استھپت
کر دیے گئے ہیں۔ میں مانیہ منتری جی سے بڑی
نمرتا سے جاننا چاہوں گا کہ کیا کیندریہ منترالیہ
میں بھی کوئی کنٹرول روم اس سلسلے میں بنایا
گیا ہے کہ نہیں کیونکہ کل کی جو پرستھتی تھی اس
سے تو نظر آتا ہے کہ ہمارے پاس شاید کوئی
کمیونیکیشن ان جگہوں سے وہ ہی نہیں گیا تھا
جہاں ایسے حادثات ہوئے ہیں۔

تو میں چاہوں گا کہ یہاں بھی ایک ایسا
کنٹرول روم۔ ہاٹ لائن بننی چاہیے ساری
اسٹیٹس سے ہاٹ لائن کے اوپر سمبندھ کسی
بھی وقت بنایا جا سکے۔ کیونکہ جو یونائیٹڈ اسٹیٹس
آف امریکہ کی طرف سے جو وارننگ آئی ہے
اس سے پتہ چلتا ہے کہ اس وقت دیش کے
کسی بھی کونے میں کچھ بھی ہو سکتا ہے۔ اس میں
بھاؤنا ہونے کی بات نہیں۔ یہ نشچت طور پر
میں سمجھتا ہوں۔ ہمارے دیش کے پورے عوام
نے اس بات کا ثبوت دیا ہے کہ وہ ان چیزوں
سے ہلنکی نہیں ہیں جیسا ابھی یشونت سنہا جی
نے کہا کہ یہ آرتھک معاملوں کو ناکامیابی کا جو
خطرہ ہے تو اس کو چھپانے کا — میں سمجھتا
ہوں کہ یہی مطلب تھا۔ صرف یہی ایک
ذریعہ نہیں ہے کچھ اور بھی ہو سکتا ہے۔

شری یشونت سنہا: میں نے یہ کہا کہ ایسے
یہ امپریشن نہ کریٹ کرتے دیں۔

شری سید سبط رضی: مجھے خوشی ہے کہ
اس حادثے کے باوجود ابھی تک ہندوستان
کے لوگوں اور ہندوستان کی سرکار ہندوستان
کی جو آرتھک پرستھتی ہے اس میں دنیا کے
دیشوں کا وشواس نہیں گھٹا ہے کیونکہ میں
اودت کرنا چاہوں گا کہ ابھی ابھی عمان سے
جو ہمارا ایک دوست ملک ہے اس سے
ہمارے پیٹرولیم منترالیہ کا ایک معاہدہ ہوا
ہے جس سے..... "مداخلت".....

اپ سبھا ادھیکش "شری محمد سلیم": آپ
اپنی بات کو وشئے تک ہی محدود رکھیں تو
اچھا رہے گا۔

شری سید سبط رضی: بارہ ہزار پانچ سو
کروڑ روپیہ کا معاہدہ ہوا ہے۔ تو اس سے
پتہ چلتا ہے کہ یہ چیزیں جو ہندوستان کی
ہماری اکانومی ہیں یہ باتیں اس کو ڈسٹرب
کرنے کے لیے کی جا رہی ہیں۔ لیکن یہ ممکن
نہیں ہو پائے گا اور میں صرف اتنا جاننا
چاہوں گا کہ اس علاقہ میں جو رہنے والے
لوگ ہیں وہ نچلے استر کے۔ وہ مدھیم شرینی
کے۔ مڈل کلاس سے نیچے کے لوگ ہیں۔
تو کیا کوئی فائننشیل ہیلپ پردیشیے سرکار
نے ان کے لیے گھوشت کی ہے۔ یدی آپکی

کمیونل سچوایشن کو ڈسٹرب کرنا چاہتے ہیں۔ وہ ایسا نہ کرنے پائیں اور تمام مکھیہ منتریوں کو بلاکر آپ اس سلسلے میں بات چیت کریں۔

انت میں میں کہوں گا کہ ہمارے ہاؤس نے بھی جو بمبئی میں حادثات ہوئے تھے اور جو ابھی بنگال میں ہوئے ہیں ان پر اپنی سمپیتھیز ایکسپریس کی تھی۔ وہاں مرنے والوں کے سلسلے میں اور وکٹمس کے سلسلے میں۔ لیکن کیا ہمارا ہاؤس صرف سمپیتھی ایکسپریس کرنے کیلئے ہے۔ چاہے وہ لوک سبھا ہو۔ چاہے راجیہ سبھا ہو۔ کیا آپ موجودہ پرستھتیوں میں دونوں دلوں کے ایم۔ پیز کی کوئی کمیٹی بنائیں گے جو وقتاً فوقتاً موقع اور حالات کو دیکھتے ہوئے ملتی رہے اور جو انوالومنٹ میں تمام پارٹیوں کے ایم۔ پیز کا اور ہم جن پرتی ندھیوں کا وہ آگے کام کاج میں مدد کرنے کے سلسلے میں اور جو قسمیں پیدا ہو رہی ہیں ان کا جم کر طاقت کے ساتھ مقابلہ کرنے کے لیے کیا آپ اس پر وچار نہیں کریں گے کہ ایسی سمیتی ہاؤس کی بنائیں۔ دونوں ہاؤسیز کی ملی جلی سمیتی ہو اور آپ چاہیں تو الگ الگ ہاؤس کی۔ اس پر بھی آپ کیا وچار کرنا پسند کریں گے۔

ان الفاظ کے ساتھ میں آپ سے کہنا چاہوں گا کہ آپ نے جو اتنی محنت کی ہے۔ آپ بچے ہیں۔ لیکن ایک بات میں اور جاننا چاہونگا

مکھیہ منتری جی سے اس بارے میں بات چیت ہوئی ہو تو کرپیا ہمیں بتانے کا کشٹ کریں اور کیندریہ سرکار کی طرف سے ہم اس سلسلہ میں کیا مدد کرنے جا رہے ہیں۔

آخر میں یہ جاننا چاہوں گا کہ یہ جو ٹیررزم کا خطرہ پیدا ہو گیا ہے اس میں جس طرح پنجاب کے اندر کامیابی ہوئی ہے میں یہ جاننا چاہونگا کہ یہ دھماکوں یا اس طرح سے ایکسپلوسیوز کا استعمال کر کے یا آتنکواد پھیلا کر کے شہروں میں جس طرح سے لوگ کوشش کر رہے ہیں جس کے بارے میں کچھ ودیشی ہاتھوں کی بات بھی آئی ہے۔ جنتا کا انوالومنٹ ان چیزوں کو روکنے کے لیے آپ کس اسٹرٹیک کرنے جا رہے ہیں کیونکہ اس وقت کمیونل ہارمونی کی بہت ضرورت ہے اور جو لوگ یہاں شدت پسند ہیں یا جو ویسٹڈ انٹرسٹ ہیں یا جو نہت سوارتھ کے لوگ ہیں جو مذہب اور فرقہ کا نام لے کر لوگوں کو استعمال کا فائدہ اٹھا سکتے ہیں تو کیا کمیونل ہارمونی کے سلسلے میں جو حادثات ہو رہے ہیں کمیونل ہارمونی بنائے جانے کیلئے نیشنل انٹیگریشن کونسل کی کیا آپ کوئی بیٹھک بلانے جا رہے ہیں۔ جس کے مادھیم سے دیش کے لوگوں کی اس بات کی اپیل کریں کہ وہ طاقتیں جو ایجنٹ اس کا فائدہ اٹھانا چاہتی ہیں جو اپنے ہتھیاروں کے ذریعہ یا اپنی اور گتی ودھیوں کے خلاف

کہ آپ نے مدھیہ پردیش اور گجرات کا بھی
اس میں تذکرہ کیا ہے کہ وہاں سے آنے کے
بعد آپ وہاں گئے کیا ہمیں آپ کچھ بتلانے کی
کرپا کریں گے کہ وہاں پرستھتی کیا ہے اور
آپ وہاں کیوں گئے تھے۔ کیا اس سرکار کی کوئی
پرستھتی ہے جو جس کا سامنا ابھی بمبئی میں یا
بنگال میں ہوا ہے یا کوئی کمیونل بارڈوں کے
سلسلے میں یا کمیونل سچوایشن کو دیکھنے کے
سلسلے میں آپ گئے تھے۔ میں چاہوں گا
کہ یہ آپ اپنا جواب دیں اور اس سلسلے میں
بھی ہمیں اس سے آگاہ کرنے کی کوشش
کریں گے۔ دھنیواد۔

SHRI MENTAY PADMANABHAM (Andhra Pradesh): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir.

The bomb blast in Calcutta took place on 16th nght. For the whole of yesterday, the entire House was agitated. A number of Members from both sides, the Congress and the Opposition, wanted to know what actually happened in Calcutta. A number of times, three or four times, we raised this issue in this House. The Home Minister and, sometimes, in the absence of the Home Minister, the Parliamentary Affairs Minister or some other Minister, replied to us assuring the House that the State Minister for Home Affairs, Mr. Rajesh Pilot, had gone to Calcutta to make an on-the-spot study and as soon as he comes back, the Government would come out with a statement with all the details. That was the reply, a stock reply, they had been giving. Even as late as 7 o'clock yesterday evening, the Ministers who were present here told the House the same thing. Sir, now the statement has come. But I do not find anything new in it. I am thoroughly dissatisfied. All that is there in the first page of the statement appeared in the Press already. Even today, more details are given in the Press rather than in the statement. ..As far as the second page is concerned, it is blissfully vague. I would like to read out one or two sentences from the statement. (*Interrupton*). This is blissfully vague in the sense that there is absolutely nothing concrete in the statement. The Minister does not know whether it is related to or has any similarity with the blasts that had taken place in Bombay. He has not yet come to any conclusion as to who is behind it and it is not possible, at this stage, to give any definite conclusion on this Another classic sentence is:

> "The impression, however, which I got on the basis of my discussions with the State Government officials and the injured people, that nothing appears to have come to notice so far establishing linkage between the two incidents as yet. Nothing, however, can be ruled out at this stage."

What is this, Sir? I am not able to understand this kind of an evasive statement.

The entire statement is vague. It was yesterday that the Minister of State for Internal Security visited Calcutta. Either he is having some information with him and is not prepared to share that information with the House, or he does not have any information and is still groping in darkness. The inertia which this Government exhibited when the Bombay blasts took place is again apparent from this statement on Calcutta. Sir, why I am saying this is when the blasts took place in Bombay, the Government had come out with different

[Shri Mentay Padmanabham]

versions. The Prime Minister said, "The brain is outside the country, the hand is in the country."

SHRI RAJESH PILOT: Sir, he did not say that. Let me clarify. The Prime Minister clearly said, "We have to find out the brain and the hand." He did not say, 'head outside or hand outside' Please don't misquote the Prime Minister.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: O.K., I agree with you. But what about the Home Minister? The Home Minister, Mr. Chavan, said that some international force is behind these blasts. Do you deny it? You are not denying it. I am happy to know it. And to corroborate the Home Minister, Mr. Advani said that Pakistan is behind these bomb blasts. Why I am saying this is, both the main Opposition and the Government created a situation, deliberately a panic situation in the country, that there is a big conspiracy which is being hatched and which will create number of incidents like those that happened in Bombay. It appeared in the press, in some sections of the press, "Bombay is over. In course of time Calcutta will be blasted and afterwards Delhi or some other place." This is what came out in the press. What preventive action has the Government taken? Therefore, I would like to know from the Government whether the Government is alert. While this is going on. The Government, advertently or inadvertently, created a panic situation in the entire country. What is happening in Delhi Sir? For the last three or four days the dissidents are on a signature campaign, the loyalists are on a counter-signature campaign. This is affecting the country. This is affecting the efficiency of your Government. I would like to know whether there is any unified command even in the Home Ministry. It had appeared in the press. Yes, it has been published in all the newspapers.

SHRI M. A. BABY: Is there any unified piloting in the Home Ministry?

SHRI MENTAY PADMANABHAM This Government has a Pilot. Even in the Home Ministry there is no unified command.

And it has appeared in the press that the senior Minister and the State Ministers are not even on talking terms. They are not passing on information.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): This is not concerned with the bomb blasts.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Why I am saying this is...

AN HON. MEMBER: This is a very serious matter. It should be discussed seriously.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM) You seek your clarifications.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Excuse me, Sir. Just one minute. One minute, Sir.

SHR RAJESH PILOT: Sir, he is mentioning irrelevant issues. We have other things... (*Interruptions*) ...

SHRI MENTAY PADMANABHAM: You can make all these points when you reply. There is no need to interrupt me.

Sir, why I am saying this is, this is creating a doubt a suspicion, in the minds of the people that the Government is not taking the issue seriously, that the Government is not devoting as much attention as it should, to contain these things or to assure the people that these things will not recur.

Some of our friends are asking, "Is Delhi. safe? Is it safe to live in here? Will anything happen to Delhi?" Therefore, Sir, for God's

sake close your ranks and try to contain these things, try to reassure the people that you mean business and you will catch the culprits and even stop and contain this kind of sabotage in the country. This is what I would like to say. Sir, there is nothing in this statement on which we can seek clarifications because everything is vague, vague, vague.

**श्री चतुरानन मिश्र** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय मंत्री महोदय की अगर यह बात सच हो कि कलकत्ता और बम्बई के जो ब्लास्ट हैं उनमें कोई समानता नहीं है कोई सम्बंध नहीं है तो मुझे प्रसन्नता होगी। वैसे तो जांच चल रही है और जांच से जो कुछ मालूम होगा सामने आयेगा। अच्छी बात होगी कि वह बात न हो। अगर वह बात हो जायेगी कि दोनों में संबंध हैं तब बात काफी खतरनाक होगी।

महोदय, मैं यह नहीं समझता कि पूरा देश जो है, जैसा सिन्हा साहब कह रहे थे, गन पाऊडर पर बैठा हुआ है। **(व्यवधान)**

**श्री यशवन्त सिन्हा** : एसा इंप्रेशन क्रिएट हो रहा है।

**श्री चतुरानन मिश्र** : हम गन पाऊडर पर बैठे हैं और यह बम फूट गया तो हम टूट गये और अगर कोई पांच बम गिरा देगा तो हम सब लोग मर जायगे। इस तरह का इतना आतंक का वातावरण मत पैदा कीजिये। मंत्री महोदय को यह कहने की क्या जरूरत थी कि आप मध्य प्रदेश और राजस्थान गये है . . . **(व्यवधान)** . . . जरा हमारी बात सुन लीजिये, कि मध्य प्रदेश गये हैं आप, यहां गये हैं, वहां गये हैं, कल अखबार में छपेगा कि सारे भारत में यह हो रहा है। अब आप ही आतंक का वातावरण कर दीजिये, यह सारा हंगामा कर दीजिये तो कैसे चलेगा . . . **(व्यवधान)** . . .

**श्री कृष्ण लाल शर्मा** : वह तो टूर पर गये थे।

**श्री चतुरानन मिश्र** : अरे, टूर करें टी०ए० लें, उस सबसे हम क्या किसी को रोकते हैं। लेकिन, अभी इस सिलसिले में ऐसा मत कीजिये कि आतंक का वातावरण बने। हमको दिल्ली की खबर है कि कई जगहों पर, प्रतिष्ठानों में लोग पूरे निकाल दिये गये, फिर डांग आया, देखा, जांच हुआ और कहीं कुछ नहीं पाया तो फिर लोग काम करने के लिये अन्दर गये। मैं सब जगह का नाम नहीं लेना चाहता, यह तो अखबार वाले अपना छापेंगे। आतंक का वातावरण हमको नहीं बनाना चाहिये।

महोदय, कुछ माननीय सदस्य देश को डिस्टेबलाइज करने की बात कह रहे हैं और फिर आजकल अमरीका वाले जो बोलते हैं वह जो युधिष्ठिर बोला करते थे वही वह बोलते हैं। आप लोगों का भी विश्वास है। अगर अमरीका को इंफोरमेशन थी तो कलकत्ता के बारे में अपने सिटिजन्स को क्यों नहीं रोका, जहां विस्फोट हुये जो दिल्ली के बारे में कहा। अगर सब इंफोरमेशन उन्हीं को है तो वह कलकत्ता भी कहते। मैं यह नहीं समझता कि इस तरह से आतंकित होकर के हमको चलना चाहिये, लेकिन मैं तमाम प्रीकाशन्स के पक्ष में हूं।

महोदय, अब मैं इस सिलसिले में एक दो बात आपसे कहना चाहता हूं। आपने यह तो कहा है कि किसी भी पार्टी का, कोई भी होगा और अगर वह दोषी होगा तो उसको सजा देंगे। यह बिल्कुल सही है। यह तो सरकार की नीति होनी ही चाहिये। लेकिन, हम आपको बता रहे हैं कि उसमें बाधा क्या है ? जिसको सभी माननीय सदस्य अन्डरवर्ल्ड कहते हैं, वह तो राजनीतिकों से गहरा संबंध स्थापित किये हुये हैं और जो आपकी पुलिस के लोग हैं उनके पास सारे अंडरवर्ल्ड की इंफोरमेशन है। कोई भी पुलिस स्टेशन नहीं है, जो अपने इलाके के क्रिमिनल लोगों को नहीं

[श्री चतुरानन मिश्र]

जानते । एक तो उनसे उनको अपना हिस्सा मिलता है और दूसरे यह है कि हम राजनीतिक लोग उनको प्रोटेक्शन देते हैं । आप अगर किसी को पकड़ लीजियेगा तो कल को आपके यहां पांच एम०पी० पहुंच जायेंगे कि यही तो हमारी बूथ केप्चरिंग करता था तो हम यहां जीत कर आये । जब हम नहीं आयेंगे तो आप भी मंत्री नहीं रहेंगे, यह तो आप हमारी जड़ में ही हाथ लगा रहे हैं । अगर आप इसको रोक सके तो हम आपको बहुत बहुत धन्यवाद देंगे, लेकिन अभी हम आपको कोई धन्यवाद देने को तैयार नहीं हैं। आपके बहुत से मित्रों ने आपको धन्यवाद दिया। क्या आपने कलकत्ता से पचास लाशें लाकर हमको दिया, इसके लिये हम आपको धन्यवाद दें ? क्या बम्बई से आपने राष्ट्र को लाशें दीं, उसके लिये आपको धन्यवाद दें ? अभी धन्यवाद का तो कोई प्रष्न ही नहीं है। अभी तो दुख का प्रश्न है और आप लोगों के क्रोध का भी प्रश्न है । अभी हम धन्यवाद नहीं देंगे । धन्यवाद देना होगा तो तब धन्यवाद देंगे जब परिस्थिति को आप नियंत्रण में लायेंगे ।

दूसरा, उपाध्यक्ष महोदय, जैसा अन्य माननीय सदस्यों ने कहा है, उसमें हम शामिल हैं कि इंटरनेशनली जो अभी चर्चा चली कि भारत को डिस्टेब्लाइज करने के लिये ऐसा हो रहा है, हमारे देश की इकोनोमी को डिस्टेब्लाइज करने के लिये ऐसा हो रहा है। लेकिन, कौन करेगा डिस्टेब्लाइज ? हमको समझ में नहीं आता । अमरीका तो आपको खबरें दे रहा है। आपके ग्लोबलाइजेशन और लिबरलाइजेशन, अमरीका उसके खिलाफ नहीं है । तो खतरा उधर से है ही नहीं । यूरोप से कोई टकराव है ही नहीं । ले-देकर बच जाते हैं अरब के लोग, तो उनके ट्रेड में आप कोई बहुत बड़े राइवल हैं नहीं । यही लोग जो अमेरिका वाले हैं, इंग्लैंड वाले हैं, इन लोगों ने अफगानिस्तान युद्ध के वक्त इन टेरेरिस्टो का अंडा दिया था, वह सब अंडा फूटकर बड़ा-बड़ा हो गया है, अब इनके नियंत्रण में नहीं है । सोवियत संघ तो टूट गया, अब मर्सिनरिज आर्मी की तरह उसको कोई भी भाड़े पर लेता है, उनके पास अमरीका से प्राप्त सफेस्टीकेटिड बम है, वह ही सारे विश्व में आतंकवाद आरगेनाइज कर देता है, हत्यायें करवाता है, । वह गैंग चारों तरफ आपरेट कर रहा है — यूरोप में, अलजीरिया, मिश्र भी, हमारे यहां भी ये अब अपने जन्मदाता अमरीका के नियंत्रण में वह नहीं रहा । ऐसे ही लोग ये कर रहे हैं । हम लोगों में से किसी को यह भ्रम नहीं पैदा करना चाहिये कि पूरा अरब कंट्री हमारे विरोध में है । यह गलत बात है। इस तरह की कोई शंका नहीं पैदा करनी चाहिये । हम यह नहीं कहते हैं कि कौन है या नहीं, वह आप जांच कीजिये, उसके लिये कार्रवाई कीजिए । लेकिन अगर आज कोई एक मुसलमान हो ही गया या अरब देश का एक आदमी हो ही गया तो सारे अरब को उसी में हांक दीजिये तो फिर यह देश कैसे चलेगा । यह सब गलती का काम हमको नहीं करना चाहिये । हम इस बात का जिक्र करेंगे आपसे कि यह साधारण कायदा है कि अगर इनको आप पकड़ना चाहते हैं तो फिर जो सैल आप स्थापित किये हुए हैं उससे आतंकवादी गिरोहों में इनफिल्ट्रेट कीजिये । यह पहला काम है, अगर इनको समाप्त करना चाहते हैं । अंग्रेजों ने जैसे हम लोगों के लिये करवा दिया था, पहला काम है कि इनफिल्ट्रेट कर जाइये, सारी सूचना मिलती रहेगी, हम लोग इसको करेंगे और बाकी अपने देश के लोगों के मनोबल को मजबूत करना चाहिये । इंटरनेशनली जो सफीस्टिकेटिड हथियार हैं, इंस्ट्रूमैंटस हैं, उन सबका इस्तेमाल कीजिये, हम उनके पक्ष में हैं । जो कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि इस्राइल को इसका बहुत अनुभव है, आप इस्राइल से दोस्ती कीजिये, कुछ सूचना ले लीजिये, हमको इसमें कोई एतराज नहीं है लेकिन ऐसा मत कीजिये कि एक बम फूट गया और इसलिये इस्राइल और भारत नजदीक आ गया और सारी अरब दुनिया दुश्मन बन

गई, ऐसा मत कीजिये। एक दो बम फूटा है, क्या हुआ। आखिर किसी देश में लड़ाई होती है, आदमी मरता है या नहीं ? किसी ने ऐसा किया है तो मुकाबला करेंगे। इसलिये परिस्थिति को नये ढंग से देखने की कोशिश होनी चाहिये। हम, आपके सामने जो सबसे कठिन सवाल है, एक माननीय सदस्य ने कहा है कि सभी पालिटिकल पार्टीज की मीटिंग बुलाइये और उसमें हम लोग विचार करेंगे। आप पालिटिकल पार्टी की मीटिंग बुलायेंगे तो हम लोग कहेंगे कि भा०ज०पा० के आदमी कर रहे हैं, वह कहेंगे कि कम्युनिस्ट पार्टी के कह रहे हैं और उस दिन की मीटिंग तो वहीं खत्म हो जायेगी। क्या हम लोग इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि यह राष्ट्रीय विपत्ति है और इसका मुकाबला करना चाहिये ? पहुंचेंगे तभी तो बैठक होगी और हम लोग समझते हैं कि हम अभी तक इस नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं, पहुंच जायें तो मुझे बड़ी प्रसन्नता होगी। जो लोग इशारा करते हैं कि अरब देशों की तरफ से हुआ है, तो उन लोगों से हम यह कहेंगे कि इस देश में कौन सी ऐसी बात हो गई है कि जिसके लिये यह सब हुआ है ? एक पुरानी मस्जिद, जो अपने आप टूट जाय शायद, अब मरम्मत भी नहीं हो रही थी, दस-बीस बरस में अपने आप टूटने वाली थी, उसको तोड़कर के आपने उन लोगों को यह अवसर दिया कि वे धार्मिक उन्माद पैदा करें और इस तरह के टेरेरिज्म के काम में जायें। लेकिन ऐसे कुछ ही लोग होंगे उस देश में, सब लोग तो उन की तरह नहीं हो सकते हैं। कुछ लोग तो हमारे यहां भी बंजरग बली होते हैं, कार-सेवक होते हैं और हमने सुना है कि यह बहुत एक्सपर्ट होते हैं। ये तो बड़ा-बड़ा मकान तोड़ देते हैं, बाबरी मस्जिद जल्दी तोड़ दिया था, आपकी सरकार पहुंच भी नहीं पाई थी। तो इनके पास तो जरूर ऐसा हथियार सब है कि कैसे तोड़ा जाता है, क्या-क्या होता है। हमारा ख्याल है कि इनसे कार-सेवक लेकर देखें कि कैसे तोड़ते हैं तो आपको पता चलेगा कि क्या-क्या होता है। हम इस बात से चिंतित है कि यह जो कम्युनल, विषाक्त वातावरण बना दिया है, इसमें आतंकवादियों को पलने का मौका मिलेगा। तो देश मे हम लोग जितनी जल्दी स्वस्थ वातावरण पैदा कर सकते हैं, उतनी जल्दी वे लोग फिस आउट आफ वाटर हो जायेंगे, वे हमारे देश का कुछ बिगाड़ नहीं सकते हैं। मैं चाहता हूं कि कुछ ऐसे कदम उठायें।

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि आप सब बातें अभी क्लिअर कर दीजिये। हम समझते हैं कि आप अच्छे आदमी हैं कि कह दिया कि हमको ज्यादा अक्ल नहीं है। आप गये थे, दौरा करके आये, जो ज्ञान था वह कह दिया हाउस को, यह कोई बुरी बात नहीं है। बुरी बात यह होती कि यदि आप जानते कुछ हैं नहीं और कहते कि हम सर्वज्ञ हैं, तब हम लोगों को आपकी बात चुभती।

4.00 P.M.

इसलिए यह कह देना कोई हर्जा नहीं है। लेकिन एक [illegible] प्लान अपना बना लीजिए कि रा[illegible] को अब दूसरे दौर में जाना पड़ रहा है। पंजाब में क्षेत्रीय साम्प्रदायिकता के साथ क्षेत्रीय सवाल था' वह कठिन भी था लेकिन फिर भी नियंत्रण में हुआ। कश्मीर में भी क्षेत्रीय साम्प्रदायिक सवाल है। धर्म के साथ भी जुड़ा हुआ था। लेकिन सारे भारत में वह सपोर्ट उनको नहीं मिल सकती है जो क्षेत्रीय रूप में आतंकवादियों को पंजाब और कश्मीर में मिला था। इसलिए इनको डिफीट करने के बारे में हम आश्वस्त हैं कि बहुत जल्द इनको निरस्त कर सकेंगे, नियंत्रित कर सकेंगे। इस पोलिटिकल दृष्टिकोण से आप टेक्नीकल आस्पेक्ट को मजबत कीजिए ताकि हम लोग इसको कर सकें, यही मेरा आपसे अनुरोध है।

**श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार)** : उपसभाध्यक्ष जी, बहुत सारी बातें यहां कही गई हैं, इसलिए मैं उनको दोहराना नहीं चाहता। बहुत संक्षेप में, मैं अपनी बात रखूंगा और मैं इसे कोई राजनीति का प्रश्न नहीं मानता हूं। यह देश का

[श्री शंकर दयाल सिंह]

प्रश्न है, सुरक्षा का प्रश्न है और देश के सामने जो गंभीर परिस्थिति है, उसमें सभी को मिलजुलकर सोचने का, समझने का और कुछ करने का वक्त है। इसलिए मैं चाहूंगा कि जो हमारे पद्मनाभम जी ने और चतुरानन मिश्र जी ने सुझाव दिया है, उसके अनुसार आप एक राउंड टेबिल कांफ्रेंस की तरह से जरूर बुलाएं जिसमें इस बात पर गंभीरता से विचार हो। मैंने पहले भी इसकी चर्चा की थी लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। चव्हाण साहब ने उतना ध्यान नहीं दिया, आशा है पायलट साहब कुछ निश्चित रूप से गंभीरता से ध्यान देंगे।

दूसरी बात, मैं यह कहना चाहता हूं कि बम्बई में जो हादसा हुआ था उसके लिए हम लोगों ने इस सदन में गंभीरता से विचार किया तथा उनके प्रति श्रद्धांजली भी अर्पित की और डिप्टी चेयरमेन नज़मा हेपतुल्ला जी के अनुरोध पर हम लोगों ने एक-एक दिन का अपना डी०ए० मुख्य मंत्री सहायता कोष के लिए भेजा। तो दूसरा मेरा प्रस्ताव यह होगा कि आज भी सदन के उठने से पहले कलकत्ता में जो इतनी बड़ी घटना हो गई है, बम्बई के लोगों के प्रति जैसे हमने सम्वेदना व्यक्त की, उनके प्रति भी सम्वेदना व्यक्त करनी चाहिए और जिस तरह से हम लोगों ने, मैं अपना सुझाव दे रहा हूं, जैसा बम्बई के लिए हम लोगों ने एक-एक दिन का डी०ए० मुख्य मंत्री राहत कोष में दिया वैसे ही एक-एक दिन का डी०ए० हम लोगों को कलकत्ता के उन बदनसीबों के लिए भी मुख्य मंत्री राहत कोष में भेजना चाहिए।

**श्रीमती सत्या बहिन** : मैं सहमत हूं और एसोसिएट करती हूं।

**श्री शंकर दयाल सिंह** : तीसरी बात, जो कि इसमें कहना चाहता हूं वह यह, उपसभाध्यक्ष जी, यह सारी घटनाएं जब हो जाती है हम तभी इतनी चिंता क्यों व्यक्त करते हैं। बार-बार इस तरह का अवसर आता है, यह सदन हो या वह सदन हो—लोक सभा और राज्य सभा में चिंता व्यक्त की जाती है जब कोई बहुत चिंतनीय बात हो जाती है। लेकिन अच्छी तरह से, उपसभाध्यक्ष जी, आपको याद होगा, आप भी इस सदन में बैठे हुए थे दो-तीन दिन पहले, जब बम्बई के हादसे पर इस सदन में विचार हो रहा था और हम लोग जब अपनी बातें कह रहे थे। बार-बार गृह मंत्री जी को हम लोगों ने कहा था कि दूसरे नगरों में भी इस तरह के हादसे होंगे और कलकत्ता और दिल्ली के बारे में यह बातें आ रही हैं, आपने उसके लिए क्या कोई व्यवस्था की है? जवाब में गृह मंत्री जी ने कहा था कि सरकार बिलकुल चौकन्नी है और सारी व्यवस्था हम कर रहे हैं। तो व्यवस्था मलवा हटाने का कर रहे हैं या उस भवन को बचाने का कर रहे हैं। व्यवस्था आप कफन के लिए कर रहे हैं या किसी बदनसीब की जान न लुटे, इसके लिए कर रहे हैं। उपसभाध्यक्ष जी, साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह सवाल कभी भी मजहब का, धर्म का और राजनीति का तो बनाना ही नहीं चाहिए। क्योंकि अखबारों में जो चीज आई है कि जिस मकान में इतना बड़ा हादसा हुआ और बम विस्फोट हुआ उसमें कारीगर, मजदूर और बढ़ईगिरी करने वाले लोग ज्यादातर रहते थे। वे दिन भर काम करते थे, वहां आते थे, शाम को वह बेचारे किसी तरह से रोटी सेंकते थे, खाते थे और वहीं पड़े रहते थे। इस प्रकार बदनसीब छोटे तबके के मुसलमान मजदूर और कारीगर ही अधिक थे। इसलिए इसको किसी तरह का राजनीति का रंग न देकर मानवतावादी दृष्टिकोण से इन चीजों को हम लोगों को देखना चाहिए। कहीं भी कुछ होता है तो हम लोगों का दृष्टिकोण बराबर राजनीति की ओर चला जाता है। हम चाहते हैं देश सर्वोपरि है, इसको ऊपर रखना चाहिए। इन्हीं बातों के साथ, जैसा मैंने कहा ज्यादा समय न लेकर पांच बातें मैं जानना चाहता हूं। आशा है गृह राज्य मंत्री जी उनका जवाब देंगे।

तो गृह राज्य मंत्री जी उनका जवाब दे सकेंगे। आपको अथवा सरकार को क्या लगता है कि यह जो भी हादसा बंबई या कलकत्ता में हुआ या आगे भी होने की उम्मीद है आपको ? यह राजनीतिक, आतंकवादी या आर्थिक अस्थिरता का काम लगता है ? आपकी सरकार की राय क्या हैं, यह आतंकवादी गतिविधि है या आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की साजिश है।

दूसरी बात यह है कि आपने अपने बयान में जो 2 लोगों की बात कही कि 2 लोग गिरफ्तार किए गए, नाम आपने उनका नहीं दिया, हुलिया आपने नहीं दिया, ये कौन थे, क्या करते थे, कहां के थ, कब से कलकत्ता में रहते थे ? आपको इन बातों को कहना चाहिए।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस तरह से आप बड़े महानगरों मध्य प्रदेश व दूसरी जगहों में गए। देश के आधे हिस्से में इस समय राष्ट्रपति शासन है, इसलिए आपको जाना भी चाहिए। ये जो इस तरह के हादसे हो रहे हैं, क्या ऐसी संभावना है या सरकार को कोई ऐसा खतरा महसूस हो रहा है या जानकारी मिली है कि हमारे जो बड़े औद्योगिक क्षेत्र हैं, बड़े सावजनिक उपक्रम हैं, उनके ऊपर कोई खतरा मंडरा रहा है और क्या सरकार ने इसके लिए कोई विशेष चौकसी की है कि नहीं की है ?

चौथी बात मैं आपसे यह कहना चाहता हूं, जरा ध्यान से सुन लीजिए, कलकत्ता देश का सबसे बड़ा महानगर है और मेरी जानकारी के अनुसार बंबई से ज्यादा आबादी है कलकत्ता की और कलकत्ते में गरीबों की रिहायश जो है पूरे हिंदुस्तान की, वह भी किसी भी शहर से बढ़कर है। तो चौथी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि गृह राज्य मंत्री और प्रधानमंत्री जी तो बंबई में गए और गृह मंत्री चव्हाण साहब भी गए। कलकत्ता में प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी क्यों नहीं गए और मैं यह जानना चाहूंगा कि वे जाएंगे कि नहीं जाएंगे ?

**श्री चतुरानन मिश्र** : जाने से क्या ?

**श्री शंकर दयाल सिंह** : लेकिन मैं जानना चाहता हूं। आप ही दे दीजिए जवाब क्योंकि कलकत्ता के अखबारों से ये हमने जानना चाहा कि एक जगह जब प्रधानमंत्री दौड़े हुए गए और दूसरी जगह उसी तरह का हादसा हुआ तो क्या बात है कि वहां गृह मंत्री जी और प्रधानमंत्री जी नहीं गए ? आखिर कुछ कारण होगा। क्या वहां कांग्रेस की सरकार थी, उस पर कुछ आफत आ जाए तो वहां प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जाएंगे और जहां कांग्रेस की हुकूमत नहीं हो, वहां इस तरह का हादसा हो जाए तो वहां प्रधानमंत्री और गृह मंत्री नहीं जाएंगे तो सवाल उठता है। मैं बड़े निरामिष तरीके से पूछ रहा हूं। मेरे पूछने का अर्थ सामिष नहीं था। इनोसेंट तरीके से मैंने पूछा।

पांचवीं और अंतिम बात मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि दिल्ली में एक दहशत का माहौल पैदा हो गया है और दहशत का जो माहौल पैदा हो गया है, कुछ सरकार की ओर से, कुछ ब्लैक कैट और कुछ अधिकारी, पदाधिकारी, सबकी तरफ से तो आप कम से कम इशारे से यह कह दें कि सच में दिल्ली पर कुछ खतरा है जिससे हम लोग भी जरा सावधान हो जाएं। हम लोग भी कुछ सावधानी लें। इसलिए मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि अगर दिल्ली पर कोई खतरा है तो जसके लिए सरकार चौकन्नी है या नहीं और क्या सरकार यह कहने की स्थिति में है कि नहीं, दिल्ली को हम सुरक्षित रखेंगे जिससे हमारे देश की राजधानी सुरक्षित रहे और विश्व भर के लोग समझें कि नहीं, कोई दहशत नहीं है।

**प्रो. आई० जी० सनदी (कर्नाटक)** : उपसभापति महोदय, आपने मुझे जो मौका दिया उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, बंबई और कलकत्ता में जो बम विस्फोट हुए, दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुईं, सैकड़ों की तादाद में लोग काल-कवलित हो गए, मैं समझता हूं यह राष्ट्रीय विपत्ति है, राष्ट्रीय आपदा है। गृह राज्य मंत्री श्री राजेश पाइलेट जो आंतरिक सुरक्षा के भी कर्णधार हैं, उनके दिल के तार भी झंकृत हो उठे, टूट गए। वे दौड़े घटना स्थल, दुखियों की सेवा की। मानवोचित, देवोचित कार्य आपने जो किया है मैं उसकी सराहना करता हूं।

मान्यवर, जो देश-घातक होते हैं, वह इंसानों के हत्यारे होते हैं। न उनकी कोई जाति होती है, न उनका कोई धर्म होता है, न कोई उनकी पार्टी होती है। यह गुनाहगारी दुनियां के दादा धरती के कलंक हैं ऐसा मैं समझता हूं। ये घातक लोग पाप करते हैं, लेकिन ये पापी बच जाते हैं, इनका पाप इसलिए बच जाता है कि उनके पास एक पावर-फुल वैपन है, शक्तिशाली अस्त्र है...

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : आप सवाल कीजिए... (**व्यवधान**)

**प्रो. आई. जी. सनदी** : मैं वहीं पर आ जाता हूं। मैं इसको प्रेमचंद जी के शब्दों में उन्हें उद्धृत करना चाहता हूं। प्रेमचंद जी ने कहा है सभ्यता का रहस्योद्घाटन करते हुए--

"आदमी दुनियां में बुरे से बुरा काम करे, उस पर पर्दा डालने की क्षमता जिसमें है, वही सभ्य है, वही सुसंस्कृत है, वही जेंटलमैन है। जिसमें नहीं है वही असभ्य है, वही मूर्ख है, वही गंवार है।"

ये जो अंडरवर्ल्ड दुनियां के जो दादा हैं, अपनी बुराइयों पर, अपने पापों पर पर्दा डालने की क्षमता के कारण ही वह बच जाते हैं। मैं समझता हूं जब आंतरिक सुरक्षा के मंत्री पाइलेट जी आए हैं, शायद अब पाइलेट जी के हाथों में उनका बचना बहुत ही कठिन है, ऐसा मैं समझता हूं।

महोदय, मरना तो है हमें, क्योंकि--जातस्य मरणं ध्रुवं है। मौत कब, कैसे, किसलिए इसकी भी एक मर्यादा होती है, इसकी सीमा होती है। आजकल बेगुनाहगार जो लोग हैं वे मारे जा रहे हैं, मर रहे हैं। मंत्री जी से मेरी प्रार्थना है कि सुरक्षा के प्रबंध वह कड़े से कड़े करें। इसके साथ साथ जो दोषी हैं उनको बहुत दिनों तक माफ न किया जाए, जल्द से जल्द उन्हें पकड़ा जाए और कड़े से कड़ा दंड दिया जाए। तभी मैं समझता हूं कि यह देश भारत, शान्ति का देश बना रहेगा। यहां पर बसने वाले जितने भी पुत्र हैं, वह अमृत-पुत्र बनेंगे, इन शब्दों के साथ आपने मुझे जो समय दिया उसके लिए आपको धन्यवाद देता हुआ, अपनी बात समाप्त करता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : श्री ए. पी. गौतम जी, प्रश्न तक केवल सीमित रखिए।

**श्री आनन्द प्रकाश गौतम** : (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन,, बिलकुल ही कम पूछूंगा कलकत्ता में 16 तारीख को विस्फोट की दुखद घटना संपूर्ण राष्ट्र के लिए दुख का विषय है। आज जो बयान माननीय गृह राज्य मंत्री जी का आया है उस बयान से संबंधित स्पष्टीकरण तक ही अपने आप को सीमित रखना चाहता हूं।

कुछ भ्रान्तियां, कुछ प्रश्न पैदा होते हैं पढ़कर, मैं उन्हें जानना चाहता हूं माननीय मंत्री जी से। आपने अपने वक्तव्य में कहा है कि यह घटना मध्य रात्रि के समय हुई है और जिस परिसर में हुई है वह दुकान और रिहायशी सह-परिसर था। मैं जानना चाहता हूं उस सह-परिसर में कितने लोग निवासी थे और कितने लोग उस दिन वहां रह रहे थे, क्या सरकार को इसकी जानकारी अभी तक हो पाई है और जो लोग इस घटना में मरे हैं या घायल हुए हैं वे क्या उस परिसर के निवासी थे? क्या कहीं बाहर से आने वाले लोग भी जो वहां के रहने वाले नहीं हैं, वह भी दुर्घटना में चोट खाए हैं या मरे हैं, ऐसी कोई जानकारी आपको मिली है क्या? एक बात और कहना चाहूंगा कि कोई न कोई घटना घटती है तो उसके पीछे कुछ न कुछ उद्देश्य झलकता है। इतनी बड़ी दुर्घटना के पीछे जिसमें सैकड़ों जानों का नुकसान हुआ, आर्थिक हानि हुई, क्या सरकार की समझ में इस दुर्घटना का अपरेंट मोटिव आया या नहीं? जैसा हमारे अन्य साथियों ने पूछा है क्या उसका कोई मोटिव हमारे देश में आतंकवाद फैलाने का था? क्या यह बात सही है। एक बात और जो आपके इस वक्तव्य से स्पष्ट मालूम नहीं पड़ती, हमारे अन्य साथियों ने भी इसकी जानकारी चाही है कि जो दुर्घटना हुई, बम विस्फोट हुआ उसकी जानकारी आपने प्राप्त की या नहीं कि वह आन्तरिक है यानी वहां के अंदर रहने वालों के द्वारा हुई है या बाहर से किसी ने चोट पहुंचाने की कोशिश की है? बहुत से लोग मरे हैं, बहुत से लोग मौत और जिन्दगी के बीच में झूल रहे हैं। मैं जानना चाहता हूं कि जिन लोगों की वहां पर जानें गई हैं, मंत्री महोदय की ओर से क्या कोई उन मरने वालों के आश्रितों को तात्कालिक विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की गई है या उसकी कोई व्यवस्था की गई है? आपका बयान है कि आप वहां अस्पताल में भी गये हैं। 16 व्यक्तियों की हालत आपने देखी बहुत गम्भीर है। उनकी दवा हो रही है। मैं जानना चाहता हूं कि उन 16 व्यक्तियों में जो काफी गम्भीर रूप से घायल हैं उनके किन अंगों पर भारी चोट लगी है जिससे उनकी जिन्दगी बहुत ही खतरनाक हो गई है? किन-किन अंगों पर चोटें आई हैं और उनके बचने की क्या संभावना है? क्या ऐसी जानकारी आपने हासिल की है? उनमें से कितनों को डाक्टरों ने अपनी राय में कहा है कि वे बचा पायेंगे?

एक बात अंत में जानना चाहूंगा कि आपने पूरे देश में राज्य सरकारों को यह कहा है कि आप हर जिले में नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। यह जो आपने सलाह दी क्या यह बाध्य है, मेनडेटरी है, उनकी इच्छा पर है? दूसरे किस तरह से ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सकता है इस प्रकार के दिशा-निर्देश भी क्या आपने उनके पास भेजे हैं?

आखिरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं कि आपने पूरे देश के दौरे की एक योजना बना ली है। इस योजना के पीछे आपका उद्देश्य क्या है? आपको क्या लगता है कि सारे देश में इस प्रकार के खतरे की आशंका है? जब आप दौरे पर जाते हैं तो क्या आप कोई प्लान लेकर, कोई योजना लेकर वहां के मुख्य मंत्रियों से डिसकस करते हैं? योजना यदि आपके पास है तो वह क्या योजना है जो पूरे देश में चलाने जा रहे हैं?

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I share the concern of the House about the incident that has taken place at Calcutta. As many Members have said, it started in Bombay and the second place is Calcutta and some Members were saying that some more places might be affected. But we should put an end to this type of serious incidents which not only shatter the buildings, but which also shatter the unity of the

[Shri Tindivanam G. Venkatraman]

country. The entire nation is in jitters as to what will happen tomorrow and which will be the target tomorrow. At this juncture we should also appreciate the immediate visit of our Minister. But, for coures, the hon. Members have expressed their anguish that more details have not been given. The Government has a number of investigating agencies and we expect from the Government more than what the newspapers give. And as and when we refer to the newspapers here in this House. immediately the Chair will say — I am not referring to the Chair now—no, no. Any particular reference from the newspaper is simply pho-phoed, saying "No no. What is it? You ar after all reading from a newspaper. What is the credence of that?" But, now the time has changed. The newspaper is giving more details than the Government. For instance, Sir, I quote...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You ask quesitons instead of quoting anything.

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN: Sir, after giving the basis only, I can put the question. Otherwise the question cannot be answered. As one hon. Member has put it, by reading this satement, we cannot find out as to what is the cause whether it is accidental or intentional. Here, in the statement, it is said, "to ascertain the cause of explosion". It is not a quesion of asceratining the cause of explosion as though something has happened accidentally or intentionally. A crude bomb is being used to trrorise the nation, to destabilise the nation. That goes without saying. Any man of commonsense will understand it. That is why I am quoting from the 'Hindu' of 17th. We are now on the 18th.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): You are quoting from the 'Hindu'; it is no communal.

SHRI TINDIVANAM G. VVENKATRAMAN: Yes, I am referring to the 'Hindu' newspaper. I do not refer to any community. It says: "Explosives and detonators used in the Friday blast in the city appeared to have been brought into the country from multiple sources in several countries and put together, top sources said here today." his is what I want to point out. This paper or these people who are giving this information are able to fish out information and they are able to perfectly point out as though they have got something more than what is contained in the statement. Again I quote: "While the brain behind the blast was not in India, it was not just one set of hands that carried out the task Several gangs, each not knowing the identity of the other, may have been engaged by the mercenary or underworld out fits. The raids on their side outs have literally put them, on the run." So, practically this fund of information we are getting from the newspaper. But absolutely there is no information about it in the statement, Still we are trying "to find out the cause of the explosion", according to the statement. He has rushed to the place. But this statement does not contain the information at the same rate. That is what I wanted to point out.

Then, Sir, the hon. Home Minister said that there is a foreign hand behind it and all that. Now, this statement does not contain anyhing of that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You seek clarificaions on the basis of the statement made by the Minister on the Calcutta blast.

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN: I will come to that. Our Telugu Desam friend said whetner theer is a controversy in the Ministry itself. So, I am pointing out this. The Home Minister says that a foreign

hand is involved. There is absolutely no mention of it in this statement. Why is it silent on this aspect? On the lines of what the Home Minister has said, this statement should have been drafted giving out all the facts. So, it is not a full information. Moreover, no assessment of the damage has been given. The statement does not indicate as to what kind of help, medical or otherwise, is being rendered to the affected persons. What is the compensation being paid to the persons affected.? All these details have not been given. I would like to know the policy of the Government and how they are going to help the affected persons. I earnestly appeal to the Minister to give us full information. The information provided by him is less than what we read in the newspapers. Perhaps, tomorrow we may nave still more information from the press reports only. Therefore, let the Minister come with fuller details.

As our senior colleague said, let us not get scared. I don't understand why the Minister visited certain places. We have a good communication system and all such information can be communicated. Anyway, the States have to be carefully guarded. Let us not be scared. Let us all sit together, cutting acros party lines, and ponder lover it. It is not a party issue: it is, a national issue. We have to come together and not think of dividing ourselves. We all have to think how the culprits can be booked so that the nation remains peaceful.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA: It is needless to say that it is a ghastly incident. It is beyond condemnation. No words would be strong enough to condemn it. But for the technical snag in the statement of the Minister, perhaps, I would have been deprived of this opportunity to seek certain clarifications on the statement which might have been made yesterday, as he is saying. So far so good. But my point is, what is really the snag that has placed the entire country, it seems, under a seige? Which are the forces and which are the powers behind this act of subversion and waton destruction of life and property? With all the powers of the entire governmental machinery of the country, we are in a helpless state. The names that have come out, whether it is in Bombay or Calcutta, are of the mafia dons, the underworld lords. Should we unerstand that in India a situation has been created where the country is held to ransom by the underworld dons? This is the question which should be answered fairly an squarely by the Government and its representative who is now before us, the iniste of Internal Security. It is not enough to say that there are foreign hands behind it. There are foreign hands, there are internal hands, there are invisible hands. All types of hands are there and I don't see anything else. But these hands are out to bring the country on the threshold of a big crisis. It is nothing short of that.

The last paragraph perhaps of the statement made by the Minister says that all the districts throughout he country have been asked to set up control rooms. If that is not the position of a country under seige, what else is? I would like to be enlightened on this. If that is any consolation for the massacre throughout the length and breadth of te country, it is something else.

There was Mr. Venkatraman's point regarding the Government knowing what the Press knows. For example, in the case of Bombay blasts, regarding Memon, who is supposed to be the brain behind it actually, who is the organiser of the crime, the true inside story was given by 'Statesman', probably, to begin with, and then followed up by 'The Hindu', and the Government was feebly acting on those clues. Otherwise, their vigil was confined to local dons, to local people and to one mafia on who is now in Dubai.

[Prof. Saurin Bhattacharya]

Their network was inside the country still operating. The Government could not make any efforts, so far; to break it down. That is at the root of the situation which has been created.

According to a report in another newspaper, I think 'The Hindustan Times the Government of India does not propose to make a through investigation into these incidents; lest the State Governments should take it otherwise. I do not know which State Governments. The State Governments are seeking help, help in meeting the situation, because their resources are limited as their powers are. Therefore, by assisting the State Government agencies, why can't this thing be done? What stands in the way, if what is published in the newspapers is true?

Then, yesterday, at Guwahati, I came across a statement. It was a statement. It was a statement from the Minister, on the television, in regard to tightening the security along our coast. Bombay and Calcutta both are on the coast. The third is Madras. There are other ports strewn over the country. Should we understand that our Coast Guard have not been performing their duty? Our coastal and riverine areas are all patrolled. Should we understand that the people patrolling these areas were not doing their duty? How could the arms land along the Bombay Coast, as reported in the press? How were these explosives stored in Calcutta or elsewher in the country?

Sir, it is a stupendous problem which cannot be dealt with in bits. This problem has to be tackled in its entirety. It is a stupendous problem. But I was totally baffled to read in one part of the statement of the hon. Minister-a youthful Minister; I'should'say compared to old people like us-- that during his discussions with the Government officials and certain injured people, he came to the conclusion that, perhaps, what happend in Calcutta and Bombay were not of the same type; or something to that effect. Officials, all right. But how could the patients enlighten, I mean, the injured people? Who are those people? May be, by some movement or some indication, they could have said. Of course, in the next sentence, he says that nothing is ruled out; at this age. I do not mean that the Minister would give whatever information he has got, in the House. In the interest of the investigation, undoubtedly, the required information the point is, in a statement concerning may be witheld. I concede that. But an icidet of such a closal magnitude, should therr be the same patent; set *bureaucratic term such as 'receiving* the attention', 'we are taking, into account', etc? This is the type of reply we receive when we write letters to the Minister that it is receiving our attention. This is type of expression in the background of such events is a bit disconcerting and I would hope that it does not really reflect any lackadaisical attitude on the part of the Minister who has shown much initiative and vigour in trying to tackle the situation.

**श्री कैलाश नारायण सारंग** (मध्य प्रदेश) : एक मिनट। जब वे भोपाल गये थे... (**व्यवधान**) साढ़े तीन बजे रात को गये, मेरा यह कहना है... (**व्यवधान**) देखिए, मेरा प्रश्न बहुत गम्भीर है... (**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : क्लैरिफिकेशन के बारे में बिजिनेस एडवाइजरी कमेटी का यह फैसला था कि हर पार्टी के एक एक मेम्बर बोलेंगे। काफी समय से प्रश्न पूछ लिये गये हैं।

**श्री कैलाश नारायण सारंग** : भोपाल इस सारे का... (**व्यवधान**) केन्द्र है..

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : आई एम नाट एलाउइंग...

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट)** : मैं आपका सवाल समझ गया हूं। मैं आपको जवाब दे दूंगा। बैठ जाइये। मैं समझ गया जो आप कहना चाह रहे हो।

**श्री कैलाश नारायण सारंग** : वहां गाड़ी का रजिस्ट्रेशन हुआ है। वहां के एक आदमी को पकड़ा गया है जो 15-20 साल से वहां अपराधी गतिविधियों का केन्द्र रहा है और एक केन्द्रीय मंत्री से उसके सम्बन्ध है...। अभी रोजा इफ्तारी ...

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : हम अनुशासित तरीके से बात करेंगे या...

**श्री कैलाश नारायण सारंग** : वहां उसने उनके साथ रोजा इफ्तारी की। यहां तक हुआ कि वहां झगड़ा हुआ और उस व्यक्ति की रिपोर्ट थाने में हुई। स्थिति इतनी गम्भीर है... (**व्यवधान**) इसलिए मुझे प्रश्न पूछने दीजिए उपसभाध्यक्ष जी।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : सारंग जी, आप बैठ जाइये।

**श्री कैलाश नारायण सारंग** : दिस इज ए वेरी सीरियस मैटर..

**श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** (उत्तर प्रदेश) : इतना भी कह दीजिए कि जो कुछ हो रहा है यह हिन्दुस्तान के सब मुसलमान करा रहे हैं। रोजा इफ्तारी में जाते हों, कुछ भी करते हों, ये सारे बम धमाके मुसलमान करा रहे हैं। यह कह दीजिए आप तो सुकून हो जाएगा..(**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : सारंग जी बैठ जाइये। नथिंग विल गो आन रिकार्ड।

**श्री राजेश पायलट** : महोदय, बहुत अच्छा डिसकशन सदन में हुआ है। अब हम सबको मिलकर जिस चिंता से आज डिसकशन हुआ है उस चिंता को और उस गहराई को मन में और दिमाग में रखना चाहिए। जैसे कि मैंने सभी सदस्यों की बात सुनी और सारे सदस्यों का मन था कि आज देश एक बहुत संकट से गुजर रहा है। सिन्हा जी और सबने कहा कि हम लोग पार्टी से उठकर, सब बातों से ऊपर उठकर आज यह सोचें कि इन डिसरपटिव फोर्सेज के चैलेंज का हम कैसे मुकाबला करें जिससे हमारे देश की एकता और जो हमारी सद्भावना है उसको वे कमजोर न कर पाए। उसी मुद्दे को लेकर लोगों ने अपनी बात कही। उपसभाध्यक्ष जी, पहले तो मैं सारे सदन को बताना चाहूंगा कि कोई देश में ऐसा पैनिक नहीं है जहां किसी को यह चिंता करनी पड़े कि सुबह क्या होगा। लेकिन इसके साथ ही साथ हम चुप भी नहीं बैठ सकते हैं कि हम हाथ पर हाथ धरकर बैठ जाएं कि जब होगा तब देखा जाएगा। वह कदम उठाना जरूरी है जिससे हमारे नागरिकों का विश्वास, नागरिकों की सुरक्षा बराबर बनी रहे।

पहले मैं इन्हीं का जवाब दे दूं जो कह रहे हैं कि मध्य प्रदेश गये, गुजरात गये। आपने परसों के अखबारों में पढ़ा होगा, एक खबर आई थी कि रतलाम से एक ट्रक में करीबन दस क्विंटल ऐसा सामान जा रहा था जो पुलिस ने पकड़ा और वह छतरपुर की तरफ जा रहा था। ऐसी खबरें हर जगह से आ रही थी और मेरा व्यक्तिगत मन यह था, हालांकि मैं रात को दस बजे कलकत्ता से पहुंचा और बारह बजे जहाज का इंतजाम करके साढ़े बारह बजे हम मध्य भोपाल के लिए गये, फिर अहमदाबाद के लिए गये जिससे मैं जाकर खुद जो इन्फारमेशन सेंटर पर है और स्टेट में आपस में शेयर करके, इन ताकतों का मुकाबला करने के लिए एक एक्शन प्लान निकालकर इनका सख्ती से मुकाबला करें, इस मकसद से मैं सारे इन दोनों प्रदेशों म घूमता

रहा जिससे कि हम काम को कर सकें। मुझे पता था कि आज सारा दिन मैं हाउस में रहूंगा, मुझे वक्त नहीं मिल पाएगा। अगर कल फिर कुछ हो जाए तो कोई जवाब नहीं बनता है जैसे जी०जी० स्वेल और सभी सदस्यों ने कहा कि देश एक बहुत गम्भीर वक्त से गुजर रहा है। जब बम्बई की घटना घटी तो सारे देश में असमंजस छा गया था। आगे क्या होगा। यह कैसे हुआ और एक ऐसी दुर्घटना घटी थी जिससे एकदम हम सब लोग थोड़ी देर के लिए फिक्र में पड़ गये थे कि कैसे हुआ। सबके जो प्वाइंट्स हैं...

I have noted down. Let me assure the whole House that the situation is totally under control. We have given instructions to all the States. We have given the action plan from the Centre side. As far as Delhi is concerned, I will give at a later stage what action plan we have proposed for Delhi, I will share with the House I am of this opinion that we may sit everyday as a committee or a sub-committee, we must exchange our views. It is not the duty entirely of the Government od ndividually of the ruling party. It is that of the nation, and the nation belongs to everyone and every political party. Every political party has to do that. Every political party has a duty to discharge. I am totally of this view, and the Government is of this view.

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): Mr. Minister: if the action plans are told here; will state not help us? Just think about that.

SHRI RAJESH PILOT: Yes, I will just come out.

SHRI JAGESH DESAI: You know that.

SHRI RAJESH PILOT: I can share what the general requirement is

घटना के बारे में जहां तक सवाल था, सब सदस्यों ने तरह-तरह की आशंकायें जताईं। जैसा मैंने बताया कि रात के बारह बजे तो यह सब सो रहे थे और, उपसभाध्यक्ष जी, वह बिल्डिंग बहुत पुरानी है और उसमें जो पकड़े गये हैं, रशीद, यह उसमें दो फ्लोर में इन्होंने अपना कुछ काम कर रखा था। यह बात सही है कि उन्हें माफिया गैंग से—और उन्हें रशीद बुकी के नाम से बुलाया जाता हैं। जितने भी जनरल लोग मुझे मिले, सब रशीद बुकी उन्हें कहते हैं और यह बात सही है कि इनका माफिया से ताल्लुक है। राज्य सरकार ने भी यह इनफर्मेशन दी और जिन लोगों से मेरी बात हुई, सब ने इनका नाम लिया।

हमें यह भी एप्रिशिएट करना पड़ेगा कि राज्य सरकार ने—बारह बजे यह घटना हुई और रात के आठ, नौ बजे के बीच में इन लोगों को पकड़ लिया था, जिससे कि यह कहीं बाहर न जा सकें, और जिस-जिस एक्ट में बंद किया, वह उन्होंने मुझे लिख कर दिये कि इन एक्ट्स में हमने इनको बंद कर दिया है।

रात के बारह बजे सब सो रहे थे। इस मकान में वह लोग रहते थे जो दिन में बेचारे अपनी रोजगारी करके अपने परिवार के लिए पेट भरने की बात करते थे। कोई बिहार से आया हुआ था, कुछ चाइनीज भी थे। उसमें कुछ दूसरे प्रदेशों से रह कर दिन भर काम करते थे और शाम को अपना पांच-पांच, दस-दस एक कमरे में शेयर कर लेते थे।

एक माननीय सदस्य ने पूछा कि कितने लोग वहां पर रहते थे। यह इसलिए भी राज्य सरकार नहीं बता पायेगी कि किसी दिन वहां 150 सो जाते थे और किसी दिन 250 तक होते थे। कोई ऐसा पक्का उनका रहने का हिसाब नहीं था। डेली-वेजर्स थे, कुछ कारपेंटर्स थे। उस इलाके में बढ़ई का

काम बहुत ज्यादा होता है। यह लोग बारह बजे सो रहे थे, धमाका हुआ। मैं बीमारों से मिल कर जो थोड़े से होश में थे, उनसे मैंने पूछा कि आप कुछ बता पाओगे कि कैसे-कैसे आपको लगा, कैसे-कैसे हुआ। एक नोजवान लड़का था, कोई 20–22 साल का, उसने बताया कि मैं सो रहा था, आधी नींद में था, मुझे थोड़ा होश था, मैं जाग रहा था। एक धमाका हुआ, बिजली जैसे गांव में बारिश के दिन बिजली चमकती है, ऐसे बिजली फटी और एकदम कोई सायरन की सी सीं-सीं की सी आवाज आई और सल्फर की सी एकदम महक सारी बिल्डिंग में फैल गई। यह उन्होंने मुझे अपना बयान दिया।

जो दो-तीन और लोगों से मैं मिला, उन्होंने मुझे बताया और कुछ लोग जो पड़ौस में जब रेस्क्यु आपरेशन चला, उसमें जो गये एकदम और सारी रात बेचारे हमारे भाई जो पब्लिक के थे, पुलिस थी, वह सब मिल करके बराबर रेस्क्यु आपरेशन करते रहे और जो डेब्रीज़ रात को निकल सकती थी और जो मौतें . . . (**व्यवधान**)

**विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त)** : मुझे सिर्फ यह पूछना है कि अगर रशीद वहां रहते थे, तो वह बच कैसे गये?

**श्री राजेश पायलट** : खबर है कि रशीद इंसिडेंट से आध-पौन घंटा पहले ही वहां से निकल गये थे।

बारह बजे का इंसिडेंट है, तो ग्यारह-साढ़े ग्यारह बजे वह वहां से निकल गये थे।

**श्री सिकन्दर बख्त** : इसके कुछ माने हो सकते हैं क्या?

**श्री राजेश पायलट** : पार्डन।

**श्री सिकन्दर बख्त** : आध-पौन घंटे पहले निकल जाने में—मैं सिर्फ इसलिए पूछ रहा हूं कि इसके कुछ माने हो सकते हैं, क्या?

**श्री राजेश पायलट** : जो मुझको खबर मिली, वह मैं हाऊस के साथ शेयर कर रहा हूं। तो उन्होंने कहा कि जब डेब्रीज़ काफी निकलीं रात को और दिन भर—नौ बजे के करीब मैंने मुख्य मंत्री जी से बात की और वह स्पाट पर पहुंचे और स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन ने जितना ज्यादा से ज्यादा हो सकता था, रिलीफ वर्क शुरू किये और पूरी तरह से एरिया को कार्डान करके उन्होंने कहा कि हम लोग—मेरी टेलीफोन पर जब बात हो गई थी चलने से पहले, तो मैंने जो टीम जैसे बम्बई की टीम की कंपोजीशन थी, उसमें इंटरपोल के आदमी भी, इंटैलिजेंस एजेंसीज भी, उसमें एक्सप्लोसिव्ज, एक्सपर्ट्स भी थे, उसी टीम के लिए मैंने आदेश दे दिये थे कि वह भी जल्दी से कलकत्ता पहुंच जाए, जिससे हम इसका पता लगा सकें।

जो मैंने कहा है कि बम्बई से इसका लिंक नहीं है, उसमें सिर्फ मेरा अनुभव यह था कि मैं दोनों जगह होकर आया हूं। वहां भी मैंने अपनी आंखों से स्थिति देखी है और यहां भी देखी, इसलिए मैंने कहा कि इसका बम्बई से लिंक नहीं लगता। लेकिन अभी मैं उस आप्शन को इसलिए क्लोज़ नहीं करना चाहता कि मैं एक्सपर्ट तो हूं नहीं कि मैं देखते ही बताऊं कि इसका लिंक है या नहीं है। लेकिन जो लाजिक मेरे सामने आया, तो वह मैंने हाऊस के सामने शेयर किया। इसलिए आप्शन भी ओपन रखी कि इसका नतीजा दूसरा भी हो सकता है।

**श्री मोहम्मद अमीन** (पश्चिमी बंगाल) मंत्री जी, आप यह भी बतायें कि धमाका एक ही हुआ या एक से ज्यादा धमाके हुए हैं?

श्री **राजेश पायलट** : धमाका एक बताया उन्होंने।

**श्री संघ प्रिय गौतम** (उत्तर प्रदेश) : जवाब आने दीजिए, उसके बाद (व्यवधान) . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : प्लीज़, मंत्री जी को जवाब देने दीजिए।

SHRI RAJESH PILOT: It is a serious matter. I want to share everything. If any Member has any apprehension, we must really clarify the doubts so that we all can march towards the goal. We have to fight these forces.

दूसरी बात पोलिटिकल कनैक्शन की कही है। कई माननीय सदस्यों ने कही है। आपने भी कही है आज भोपाल में किसी के साथ, किसी सदस्य के साथ या मंत्रिमण्डल के किसी सदस्य के साथ आपने संबंध बताए। मैंने इसी हाउस में जब हमारे दो भाई आपस में जिक्र कर रहे थे, मैंने विश्वास दिलाया इस हाउस को, इस सदन को कि चाहे कोई भी हो, चाहे बम्बई के केस में हो, चाहे कलकत्ता के में हो, कहीं भी कनैक्टेट हो, जिसने देश के साथ देश-द्रोह का काम किया है, उसको बिल्कुल मुआफ नहीं किया जाएगा इस सरकार के हाथों, यह आप भरोसा रखिए। अगर हम से उसमें भूल हो जाए तब उसके बाद आप हमें बताना शुरू करना कि आपने उसको छोड़ दिया और उसको नहीं छोड़ा, उसको क्यों छोड़ दिया, तब हम आपका जवाब देंगे। लेकिन जब तक इन्वेस्टीगेशंस चल रही है, हमारा मकसद पूरा हो जाने दो जिससे हम इस देश को बता सकें जल्दी से जल्दी कि यह कैसे हुआ, किस वजह से हुआ, किस-किस ने किया और सरकार व क्या कदम उठाए।

बम्बई के बारे में भी काफी इन्फर्मेशन कल से और अच्छी मिली है और हमें उम्मीद है कि हम बहुत जल्दी देश के सामने इन इन्फर्मेशंस को लेकर आयेंगे।

उपसभाध्यक्ष जी, अंडर वर्ल्ड की बात चली, इसमें सच्चाई है। इन कार्रवाइयों में या ऐसे कामों में पैसे की जरूरत होती है। बम्बई में भी जहां दस गाड़ियां लगाई गई हैं, स्कूटर्ज खरीदे गए हैं, यहां पर भी जिसने यह मैटीरियल लाया होगा या जैसे करवाया होगा तो अंडर वर्ल्ड का हाथ तो इस आर्गनाइजेशंस के साथ है। इसमें सरकार पूरी तरह से जानकारी रखती है। लेकिन अभी इस वक्त कुछ इसमें आगे कहना देश के हित में नहीं होगा और जो खोज-बीन चल रही है उसके हित में भी नहीं होगा। लेकिन हम हर हालत में इसमें सख्त कदम उठायेंगे कि यह हमें भविष्य के लिए हमारी देश की एकता के लिए *अंडरग्राउंड वर्ल्ड का जो पैसा है* और अंडर वर्ल्ड का जो पैसा है, यह हमारी देश की एकता को जो कमजोर करने के लिए खर्च करते हैं ये इसमें हम सख्त से सख्त कदम उठायेंगे। कोई भी हो, किसी वर्ग से हो, कहीं संबंधित हो, लेकिन देश की एकता को जहां से भी ऐसा खतरा होगा, सरकार बहुत तगड़े हाथों से उसका मुकाबला करेगी और उन्हें काबू में लायेंगे।

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** (उत्तर प्रदेश) : ऐसे दोषियों को फांसी-घर में सजा न दी जाए, बल्कि रोड पर चौराहे पर खड़ा करके सजा दी जाए, यह मेरा निवेदन है।

**श्री राजेश पायलट** : दूसरी बात, एक बात जो सभी लोगों ने कही कि इंटरपोल का इसमें सब जगह यूज हो रहा है, नहीं हो रहा है, जैसे मैंने आपसे कहा कि हम लोग भी जो पासिबल एजेंसीज हैं, जिस तरीके की भी हैं, उन सब का प्रयोग कर रहे हैं। हमारा मकसद है कि ऐसे वक्त में अगर हम इसको जल्दी से जल्दी निकाल पायेंगे तो आगे को जो हादसे होने की अगर थोड़ी बहुत शंका भी हो तो उन्हें हम जल्दी रोक पायेंगे। तो हम सब की मदद ले रहे हैं, जिस रूप में हमें जरूरत है उसी रूप में ले रहे हैं, लेकिन मकसद यह है कि जल्दी से जल्दी हम पता कर सकें। एक सवाल शंकर दयाल जी ने

पूछा था कि प्रधान मंत्री जी और होम मिनिस्टर साहब कल जब मैं आप प्रधान मंत्री जी से मिला तो उन्होंने कहा था कि मुझे जरूर जाना है। आज मैं सुबह से मिल नहीं पाया हूं, पता नहीं उनका क्या प्रोग्राम बना है, नहीं बना है। मुख्य मंत्री जी से भी कल बात हुई थी। मैंने मुख्य मंत्री जी से कहा था कि प्रधान मंत्री जी का मन है कि वहां जल्दी से जल्दी वह पहुंचे। लेकिन बात यह थी कि डेब्रीज इतनी थी कि शक उसमें हो रहा था कि पता नहीं कितनी बॉडीज़ उसमें और होंगी। अभी भी अपना बयान देने से पहले मुख्य मंत्री जी से मैंने फोन किया, वह सदन में, विधान सभा में थे। मैंने पता किया कि डैथ टोल 62 से बढ़ा तो नहीं है या कुछ और जो बीमार हमारे भाई थे उनमें से किसी की मौत तो नहीं हो गई। अभी सब से पहला हमारा फर्ज है कि वह डैब्रीज़ बिल्कुल क्लीयर हो जाएं और इन्वेस्टीगेशन एजेंसीज़ जो कुछ वहां से निकाल सकती हैं... (व्यवधान)

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार): यह जो डैथ टोल की बात आपने कही, अखबारों में रिपोर्टेड है 79, आपने अपने बयान में दिया है 62 और मुख्य मंत्री ने कहा है 47, तो सच्चाई इसमें क्या है? क्योंकि आपके और अखबारों में जो निकला है उसमें 17 का फर्क है और आपके और मुख्य मंत्री के बयान में 15 का फर्क है, यह आप बताएं?

श्री राजेश पायलट: शंकर दयाल जी, कल तीन बजे तक 47 थीं, मैं भी वहीं था, 42 थीं जब मैं पहुंचा वहां साढे बारह बजे के करीब, 47 हुई कल रात में और आज सुबह 62 हो गई। अखबारों की जहां तक बात है, अखबार वाले जैसे-जैसे उनको खबर मिलती है, वह उसे देते रहते हैं। मैं सरकार की तरफ से उतनी ही खबर दे पाऊंगा जो बिल्कुल सही होगी और सदन तक सही खबर पहुंच सकेगी। अब अगर आप अखबारों की तरह हमें भी इजाजत दें तो क्या आज बयान दे के अगले दिन उसको वापस ले लिया करें? तो हम भी जो मिला करेगा आपसे शेयर कर लिया करेंगे।

दूसरी बात उपसभाध्यक्ष जी, दो नाम की जो बात थी कई सदस्यों ने पूछी, एक का नाम जैसे मैंने बताया रशीद और एक का नाम अजीज़ उर्फ रऊफ है। उसको उर्फ में अजीज़ कहते हैं। लेकिन दोनों के संबंध हैं इनके, दोनों एक ही धंधे में रहते हैं और दोनों का धंधा एक ही लगा है। स्टेट गवर्नमेंट ने दोनों के खिलाफ एक्शन लिया है। और 26-3-93 तक ये कस्टडी में हैं। इन्वेस्टीगेशंस चल रही हैं, लेकिन सदन को विश्वास दिलाना चाहूंगा कि मुख्य मंत्री साहब ने बहुत साफ दिल से कहा था कि किसी को बख्शा नहीं जाएगा। ज्योति बसु जी से जब मेरी व्यक्तिगत बात हुई तो मैंने यही एप्रीहेंशन उनके सामने रखी थी कि कोई आदमी इसमें बच नहीं पाए और मैं आपको विश्वास दिलाना चाहूंगा कि हम चीफ मिनिस्टर साहब के कांटैक्ट में हैं और जो लोग इसमें इनवाल्व हैं या जिन पर शक है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा, न किसी को छूटने दिया जाएगा।

उपसभाध्यक्ष जी, आखिर में एक सेंटर और स्टेट रिलेशंस की बात है। परसों से चिंता जरूर है और यह एक ऐसी चीज है कि आप जितनी भी ज्यादा-से-ज्यादा खोजबीन करें, सख्ती करें कभी-कभी इसमें ऐसे पॉइंट्स रह जाते हैं जोकि कवर नहीं हो पाते हैं। अब कोई स्कूटर में छोटासा बम रखकर उसे छोड़कर चला जाए It it a very difficult task for any force or agency to check everything. But we are doing our best. We have passed on the suggestions to all the State Governments. कि पब्लिक एवरनेस, सेक्युरिटी एवरनेस लोगों में लाए, रोड चैकिंग स्ट्रिक्ट करें। उपसभापति महोदय, अभी मध्य प्रदे

[श्री शंकर दयाल सिंह]

में जो ट्रक पकड़ा गया है, वह सिर्फ रोड चैकिंग स्ट्रिक्ट होने की वजह से पकड़ा गया है क्योंकि उन्होंने बिल्कुल कैमोफ्लैज कर के ट्रक में सामान रखा हुआ था, लेकिन चूंकि वहां चैकिंग स्ट्रिक्ट थी, इसलिए वह पकड़ा गया। स्ट्रिक्ट चैकिंग हो रही है और कंट्रोल रूम खुलवाने का खास मकसद यह था जिससे कि हमारा आपस का कम्युनिकेशन इतना रहे कि किसी भी जिले में कहीं कोई बात हो तो ऊपर से नीचे तक हम एक सतह पर काम कर सकें। उपसभापति महोदय, मैं अभी जहां-जहां गया हूं, एक और नया सिस्टम चालू कर के आया हूं कि सब जगह कोर ग्रुप स्टेट लेवल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर बनें। जहां सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसीज हैं, सी. आई.डी. और एडमिनिस्ट्रेटिव एजेंसीज-- ये हर रोज सुबह बैठकर रिव्यू करें कि यहां पर कैसे हालात चल रहे हैं। इस आदमी पर हम को शक है, ये आदमी ऐसा कर सकता है तो उससे थोड़ा-बहुत सहारा मिल सकता है और वे सब काम ऐसा है कि इसमें सुधार की हमेशा जरूरत रहती है। इंटेलीजेंस एजेंसीज के बारे में कहा गया, इनमें हमेशा सुधार की जरूरत रहती हैं। कभी-कभी ऐसी नई-नई बातें आती हैं कि जिनको हम रिवेम्प करते रहते हैं। अभी पिछले महीने जो कमेटी की रिपोर्ट थी पहली, उसमें रिवेम्पिंग की बात चल रही है। डायरेक्टर जनरल्स की मीटिंग्स 15, 16 व 17 को थी, लेकिन वह पोस्टपोन हुई इन कारणों की वजह और जो सदन का मन था कि इसमें ज्यादा सुधार होना चाहिए, उसमें मैं सहमत हूं और सरकार पूरी कोशिश करेगी कि जो भी सुझाव सदन के आए हैं या बाहर की एक्सपेरीएंस्ड एजेंसी या कमेटी की रिपोर्ट्स हैं, उनको हम लागू करेंगे क्योंकि क्वालिटी आॅफ इन-फाॅर्मेशंस इंटेलीजेंस एजेंसीज की इतनी अच्छी होनी चाहिए जिससे कि देश में ऐसी घटनाएं कम हो सकें और वक्त पर एक्शन लिया जा सके और जब तक सेंटर-स्टेट रिलेशनशिप अच्छी नहीं होगी तब तक हम एफीसि एंटली इन चीजों में एक्शन नहीं ले सकते। वही मेरा अनुमान था कि हम लोग जा-जाकर, स्टेट गवर्नमेंट्स के साथ बैठकर, उनकी बात सुनकर, उनकी मदद करें। कल जब मैं मुख्य मंत्री जी के साथ था तो उन्होंने कहा कि हमको पैरा-मिलिटरी फोर्सेस और चाहिए। मैं वहां बैठा था तो मैं उस वक्त फैसला ले पाया कि मुख्य मंत्री जी आप पैरा-मिलिटरी फोर्स ले लीजिए। फिर मैंने उनसे कहा कि हम ज्यादातर क्या करते हैं सब आॅफीसर्स निकल जाते हैं तब बाद में चपरासी दफ्तर बंद करते हैं। तो मैंने कहा कि आॅफिसर्स की ड्यूटी लगाओ कि जब वह जाएं तो अपने दफ्तर खुद बंद कर के जाएं कि जिससे वह खुद देख सकें कि दफ्तर में कोई अन-नोटिस्ड चीज नहीं है, कोई अन-नोटिस्ड बैग नहीं है और एक सेक्युरिटी कासेस जब तक सभी लोगों में नहीं आएगा, चाहे वे गवर्नमेंट आॅफिसेस हों या दूसरे आफिसेस हों, हम लोग इस बुराई को दूर नहीं कर पाएंगे।

उपसभापति महोदय, जहां तक दिल्ली का सवाल है, भाई यशवंत सिन्हा जी ने दिल्ली के बारे में कहा था। यह बात सही है कि बी.बी.सी. ने न्यूज दी थी और हम लोगों ने एक्स्टरर्नल अफेअर्स मिनिस्ट्री की तरफ से जैसे ही मुझे 11 बजे के करीब किसी ने फोन किया कि अभी बी.बी.सी. में न्यूज आई है कि दिल्ली में जो अमेरिकन नागरिक हैं, उनको चेतावनी दी गयी है कि आप दिल्ली न जाएं और जाएं तो अमेरिकन एम्बेसी से इमीडिएटली कांटैक्ट करें, मैंने एकदम एक्स्टर्नल अफेअर्स मिनिस्ट्री से बात की कि यह तो बिल्कुल गलत बात है क्योंकि अगर अमेरिकन गवर्नमेंट को कोई शक है तो हमसे पूछें कि आपके देश में इस जगह पर कैसे हालात हैं और उसके बाद कोई ऐसा स्टेटमेंट दें, लेकिन तब तक बी. बी.सी. उसे दो बार रिपीट कर चुका था। एक्सटर्नल अफेअर्स मिनिस्ट्री की तरफ से कुछ बातचीत हुई और उसके बाद या तो हम उसे कंडेम कर के बैठे रहते कि बिल्कुल भी कुछ नहीं है और यह है, वह है, लेकिन हमने

यह सोचा कि हमें सावधानी बरतनी चाहिए। हो सकता है कि वन परसेंट इसमें से कोई बात सही हो। दिल्ली की उसी तरीके से सख्ती की गयी, चैकिंग चल रही है। एअरपोर्ट पर जितना भी कार्गो जा रहा है, हमने कह दिया कि थोड़ी सी इस पर और सख्ती की जाए और इस तरीके से जब तक इसमें पूरी क्लिअरेंस न हो जाय उसे छोड़ा न जाय, टार्यमिन्स को ऐसे एडजस्ट किया है कि जिससे ये दुर्घटनाएं बच सकें। उसी तरह से रेलवे स्टशंस पर, इंटर स्टेट बस अड्डों पर, सेंसिटिव पाइंट्स पर ब्रिजेज पर और जहां भी हो सकता था लोकेशंस बना-बनाकर हमने पीपुल्स कमेटी बनी हुई थीं दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन की पहले की, उनको भी इनवॉल्व कर लिया है कि पुलिस के हर डिस्ट्रिक्ट में वह लोग जाएं और लोगों से बातचीत करें और जो सस्पीसियस लोग हैं, उनके बारे में इत्तला करें और मिलजुलकर इस सेक्युरिटी कांसेस के लिए लोगों में अवेअरनेस लाएं।

SHRI INDER KUMAR GUJRAL (Bihar): I am afraid the point is different. It is not a question of the BBC having broadcast. You would have noticed in today's Press that international airlines have started overflying. They have stopped landing here. This means the situation is far more serious than mere broadcast. Fortunately, the Minister of Civil Aviation is also here and you are also here. Since you have taken note of it, have you made more enquiries about it? If you have made enquiries, what are your results? What intelligence has been given to you? Before I sit down, I would also like to say this. I am quite satisfied with your expedition and the efforts that you are making. You have our full support. Only one thing I would like to say. Unfortunately, you were travelling yesterday when we were discussing this. The difficulty, particularly in Bombay, as you would have noticed, is that the espionage is now becoming high-tech and our counter-espionage is obsolete. Our methods are obsolete. Our instruments are absolete. Our training is obsolete. Unless you sit down to work out the entire system, merely asking the same man to act more actively will yield very limited results.

The second point which you have to kindly keep in mind is that we are in a crisis. We talk of the intelligence, its failures, its successes, that is a different thing. The difficulty basically is that the whole world today has now moved to a stage when there is some sort of parliamentary supervision over the intelligence. There is a Committee of the American Parliament which supervises the CIA's activities. I am not demanding that a Parliamentary Committee should be made. But may I urge upon you that our system is very different. No Minister has any contact—since I had been a Minister myself, I know it—with the intelligence. The intelligence, RAW and other things, are functioning in their own corners. I have nothing against them. The end-result today is that neither the Minister of Internal Security as you are—you are efficiently doing it—nor even the Minister of External Affairs nor anybody has any input coming from them. Nor is he able to advise them. May I suggest this? You should learn atleast one lesson from this crisis. If you do not want to set up a Parliamentary Committee, do not. But please set up a Ministrial Committee at least Two or three senior-most Ministers should have the overall charge of the entire intelligence set-up so that you know what is happening, what inputs have to be done, what changes have to be done. Since it is some sort of an in-house thing, transfers, recruitments, everything becomes closed-door, we do not

[Shri Inder Kumar Gujral]

know what is happening. You may or may not share it with us. That is for your judgement. But surely you must know and I am sure you do not know because I know the system. I am sure the Minister of Civil Aviation does not know because I know the system. I know that the Minister of External Affairs does not know because I know the system. I do not know if the Prime Minister even knows because the Prime Minister does not have the time for it. It is natural because the Prime Minister has a hundred headaches. So, ultimately, it becomes that there will be a Joint Secretary in the PMO who may be having some contact with them. The end-results are very unsatisfactory and I think from this crisis at least, we should undertake this. Thank you.

SHRI G. G. SWELL (Meghalaya): Mr. Vice-Chairman, Sir,... (*Interruptions*). Unless you have a special counter-terrorism force in this country... (*Interruption*) ...abreast with inter-national terrorism, I do not think that... (*Interruptions*) ...with the same people, any kind of supervision will yield any result.

SHRI RAJESH PILOT: Sir, I slightly differ from Gujralji. As far as the system is concerned, there might be some fault in the system. I am not denying it. The system can always be updated with experience or with your own thinknig, own ideas. But as far as the Cabinet is concerned I do not think there is any bar on the Cabinet Minister calling the Director-General of intelligence or any intelligence officer and asking what he is doing, what his task is. And, frankly, it is we who have slightly failed being in position. Well, I was blamed for so many things. It was said that being the Communication Minister, I interfered in the Home Ministry. I have a right, when I go to a State like Jammu and Kashmir, to call the intelligence people and ask what they are doing. It is my Government and I am a member of the Council. I am responsible to the Government. This attitude we also have got to take. We also get scared of the IB. That attitude should go.

5.00 P.M. But I agree with you on one thing that some improvement to imprave the culture of functioning is needed so that the quality of information is better and this is what we are trying and I can assure you that Intelligence as of today is up to date. We have done a lot of good jobs, but there are some sort of lapses also in some parts which are not up to that degree to which it can be, but I have taken your suggestion in the right spirit and we will certainly involve them in some way where it can be improved.

Regarding the second point, about counter-terrorism, NSG is actually meant for this. National Security Guards, when we took the initiative of setting up this force, the idea behind it was that these are for anti-terrorism or counter-terrorism purposes. Slowly, slowly we have started using them for VIP security. When I took over the office of Internal Security Minister, the first thing I decided was this. I said, "This Border Security Force should not be used for internal security. They must be on the border. Internal security should be done only by the CRPF and other forces which are not for the border and NSG should be only for the counter-terrorism purposes, as task forces." But slowly, slowly we are training the people in the State level. Today NSGs are being duputed with the State Ministers. NSGs are being sent to the Chief Minister of Assam, to the Chief Minister of Punjab. So we are developing the confidence of the State Police more and more, giving them the same training which the NSGs have. The NSGs will train the Punjab poilcemen. But give them the responsibility so that they can perform their security duties

well, and it will work out but give them some tmie. And what Gujaral-ji has said, we have started doing it a month back. L.P. Singh's report, Dharamvir's report, all these are being initiated, but unfotunately it is only a month and a half and I have to answer these questions. It is slightly difficult for me to go beyond this, but I can assure the House that these things are being taken care of. At last, Sir, Let me assure the House that it is a challenge which has been given to the nation by disruptive forces and we all have to rise above party lines, we all have to take it as a personal duty as citizens of this nation that we have to fight against these forces. The Government alone cannot fight, the Government alone cannot take care of such challeges. We all need your support, we all need your blessings, we all need your push, so that we can fight these forces and I think the House must be aware of this, that if we don't fight these forces at this stage, it might be a dangerous signal after some time or in the near future. I fully assure the House that the Government will not fail and the Government shall not leave any stone unturned. Where we will be seen wanting, we will be seen waiting to react, we will not let it happen. We will do our best, but a support, total support, and good wishes from all sections are required to fight these forces which has really become a challenge and I hope that it will be available to the Govenment from the House. Thank you, Sir. (ends)

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Sir; I have a request...

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : बहुत से प्रश्न आए हैं और मंत्री जी ने जवाब भी दिए हैं ।

**श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** : सर, मेरा कोई सवाल नहीं है, सिर्फ एक गुज़ारिश कर रहा हूं । सर, बहुत गंभीर मामला है, मैं सिर्फ एक गुज़ारिश कर रहा हूं ।...

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : हम सबकी मिलकर यह कोशिश होनी चाहिए कि और न बम-विस्फोट हो और न मासूम जानें जाएं । इसको लेकर और ज्यादा चर्चा करने की बात नहीं है ।

**श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** : सर, बम्बई में बम-विस्फोट हुआ था तो राज्य सभा ने, सबने एक होकर एक दिन की सैलेरी बम्बई वालों के लिए, बम्बई के जो विक्टिम थे, उनके लिए दी थी ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): I am not going to allow it. I will not allow it. It will not go on record.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): That matter is over. That matter is over.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): That matter is over. Now nothing will go on record. Nothing will go on record.

**श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल**:*

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : रिकार्ड नहीं हो रहा है यह । यह रिकार्ड में नहीं जा रहा है । मंत्री जी ने स्पष्टीकरण के उत्तर दिए हैं और इसके बाद कोई सवाल नहीं है ।

**श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़फ़ल** :*

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : यह ज़ीरो ऑवर भी नहीं है । बैठ जाइए ।

**श्री मोहम्मद अफ़ज़लउर्फमीम अफ़ज़ल** : *

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : यह मसला रखे हैं शंकर दयाल जी और हम लोग बात करेंगे ।

*Not recorded.

श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ़ मीम अफ़ज़ल :*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Now, we will take up the Statutory Resolution disapproving the National Commission for Backward Classes Ordinance, 1993 and the National Commission for Backward Classes Bill, 1993.

---

**STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE NATIONAL COMMISSION FOR BACKWARD CLASSES ORDINANCE, 1993**

**II. THE NATIONAL COMMISSION FOR BACKWARD CLASSES BILL, 1993.**

**श्री संघ प्रिय गौ.** (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर उपसभाध्यक्ष महोदय, ये दोनों माफिया, जिन्होंने यह काण्ड किया है उनकी सम्पत्ति को कुर्क करके यह पैसा वहां भेज दिया जाए । उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछड़ा वर्ग आयोग संबंधी विधेयक श्री केसरी जी लाये हैं ।... (व्यवधान) केसरी जी, शायद अभी नहीं आए । विशेष रूप से उनको भी मैं चाहता था क्योंकि मुझे कुछ बधाई भी देनी है और कुछ समालोचना भी करनी है । अच्छा होता केसरी जी यहां होते । ... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष जी, पिछड़ा वर्ग आयोग से सम्बन्धित यह विधेयक प्रस्तुत करते समय कल्याण मंत्री जी ने इस बात का उल्लेख किया कि समता मूलक समाज की स्थापना और पिछड़े वर्गों के विकास की दिशा में यह विधेयक बहुत ही अहम भूमिका अदा करेगा । मुझे बड़ी हंसी आई अपने कल्याण मंत्री जी का यह वक्तव्य सुनकर और जब मैंने इस विधेयक को पढ़ा तब, मान्यवर, मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ । मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि माननीय कल्याण मंत्री जी की व्यक्तिगत मंशा तो हो सकती है कि शायद पिछड़े वर्गों का कुछ कल्याण इस विधेयक से हो जाए लेकिन इस विधेयक में इस प्रकार की कोई मंशा का कतई न तो उल्लेख है और न झलक आती है । मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि कल्याण मंत्री जी की कांग्रेस पार्टी और इनकी भारत सरकार की भी कोई मंशा इन पिछड़े वर्गों का कल्याण करने की नहीं है और, मान्यवर, जब मैं यह कह रहा हूं तो इसके लिए मेरे पास पर्याप्त उदाहरण, तथ्य और कारण विद्यमान हैं ।

सबसे पहले, मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि पिछड़े वर्गों की समस्याएं एक अहम समस्याएं हैं । इस बात की चर्चा संविधान सभा में बहुत दिनों तक हुई थीं और जो संविधान का मसौदा संविधान सभा के सामने चर्चा के लिए जब प्रस्तुत हुआ उस समय मौलिक अधिकारों की धारा-10 में इसका उल्लेख था, पिछड़े वर्गों के आरक्षण के लिए । इस पर बड़ी बहस हुई लेकिन वह संविधान सभा इस नतीजे पर नहीं पहुंची कि पिछड़े वर्गों की परिभाषा क्या है ? माननीय बाबा साहेब डा० अम्बेडकर जो विधान मसौदे के तय करने वाले थे उन्होंने एक फ़ेज में परिभाषा की थी :

The Backwards shall be those *who would be* Backwards *in the* eyes of the State."

जो राज्य की निगाह में पिछड़े होंगे वही पिछड़े माने जाएंगे । अब, मान्यवर, पंडित हृदयनाथ कुंजरु ने कहा था :

"In fairness to the country, protection can ge granted to any class, whether you call it a Backward class or a miority, only on the ground that it is backward and if left to itself, it would be unable to protect its interest."

तो यह बैकवर्ड की परिभाषा हो गई थी । मान्यवर, सुप्रीम कोर्ट के सामने जब यह मुद्दा गया, कल्याण मंत्री जी, मैं आपका ध्यान चाहूंगा क्योंकि आपके इस विधेयक में कुछ है नहीं और मैं सुझाव दूंगा, मैं आलोचना अकेली नहीं करता हूं, समालोचना करता हूं । तो मान्यवर, सुप्रीम कोर्ट के सामने यह मामला इसलिए गया था कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण होना चाहिए या नहीं, यह संवैधानिक है

*Not recorded.